NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.| B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 196 लखनऊ, बुधवार 28 फरवरी 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## जमात–ए–इस्लामी पर फिर बढ़ा प्रतिबंध, अमित शाह बोले– आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टालरेंस की नीति

एजेंसी।

नई दिल्ली केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ पीएम नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए सरकार ने जमात–ए–इस्लामी, जम्मू कश्मीर पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने आज जमात–ए–इस्लामी, जम्मू कश्मीर को श्गैरकानूनी संगठनश घोषित करते हुए उस पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया। संगठन को राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए पाया गया है। संगठन को पहली बार 28 फरवरी, 2019 को श्गैरकानूनी संघश घोषित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित




शाह ने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ पीएम नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए सरकार ने जमात–ए–इस्लामी, जम्मू कश्मीर पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

शाह ने आगे लिखा कि संगठन को राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए पाया गया है। संगठन को पहली बार 28 फरवरी 2019 को श्गैरकानूनी संघश घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को क्रूर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## राज्यसभा चुनाव क्रास वोटिंग करने वाले विधायक बोले– अंतरात्मा की आवाज सुनी, अखिलेश ने कहा, कार्रवाई होनी तय

संवाददाता।

लखनऊ यूपी की राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में थे। सपा के विधायकों के द्वारा क्रॉस वोटिंग की खबरें हैं। अखिलेश ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों ने कहा कि उन्होंने अंतरात्मा की आवाज पर वोट दिया है। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के खिलाफ वोट देने के लिए साहस की जरूरत होती है, जो इन विधायकों में नहीं दिखा। साथ ही कहा कि इन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे। सपा के गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह और जलालपुर से विधायक राकेश पांडे एक ही गाड़ी से विधान भवन वोट देने पहुंचे। तीनों ने संयुक्त बयान में कहा कि वे अंतरात्मा की आवाज पर वोट देने जा रहे हैं। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि राज्यसभा की तीसरी सीट दरअसल सच्चे साथियों की पहचान करने की परीक्षा थी। ये जानने की कि कौन–कौन दिल से पीडीए के साथ है और कौन अंतरात्मा से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यही तीसरी सीट की जीत है। हर एक में साहस नहीं होता है कि सरकार के खिलाफ खड़ा हो जाए, सरकार के खिलाफ खड़ा होने के लिए साहस चाहिए। जो लोग गए हैं उनमें साहस नहीं रहा होगा। मतदान के दौरान अखिलेश ने कहा कि भाजपा जीतने के लिए कुछ भी करेगी। जिन्हें लाभ मिलने वाला होगा, वो चले जाएंगे। सपा अध्यक्ष ने



पैकेज चलने की भी बात कही उन्होंने कहा कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर कार्रवाई निश्चित होगी, क्योंकि पार्टी के हमारे साथियों का मानना है कि ऐसे लोगों को दूर कर दीजिए। अखिलेश ने कहा कि ये विधायक कद्दावर लग रहे थे, लेकिन कद्दावर निकले नहीं। पल्लवी पटेल के सवाल पर कहा कि किसकी अंतरात्मा क्या कह रही है, वे कैसे जान सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने सिक्योरिटी तो किसी ने पुराने मुकदमों में धमकी या फिर लाभ के लिए क्रॉस वोटिंग की। अखिलेश ने कहा कि सुनने में तो पैकेज दिए जाने की भी बात आ रही है। यह पता नहीं है कि पैकेज छोटा था या बड़ा। उनका इशारा चुनाव में धन के इस्तेमाल की ओर था। अखिलेश ने कहा कि जनता सब देख रही है। गिनती वाले चुनाव में तो भाजपा जोड़तोड़ से जीत सकती है, लेकिन जनता वाले चुनाव में भाजपा नहीं जीत सकती।

## त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने छात्रों के बीच मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग पर व्यक्त की चिंता

एजेंसी।

नई दिल्ली साहा ने कहा कि पहले राज्य से भारी मात्रा में नशीले पदार्थोंकी तस्करी की जाती थी लेकिन 2018 तक लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा, अब यह सर्वविदित है कि मादक पदार्थ की खेती पारंपरिक फसलों का विकल्प बन गई थी। अब, सरकारी एजेंसियां त्रिपुरा को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने स्कूली छात्रों के बीच इंजेक्शन के माध्यम से ली जाने वाली नशीली दवाओं के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को अभिभावकों से उनके बच्चों पर कड़ी नजर रखने का आग्रह किया। गोमती जिले में एक कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के शासन के दौरानमादक पदार्थें की खेती बढ़ी जिसकी जानकारी लोगों को शासन परिवर्तन के बाद मिली।



उन्होंने कहा, राज्य में लगभग 1,100 स्कूली छात्रों और युवाओं को इंजेक्शन से नशीली दवाओं का उपयोग करने वालों के रूप में पहचाना गया है, जिनके लिए इंजेक्शन वाली नशीली दवाओं का उपयोग घातक बन गया है। जैसा कि सभी जानते हैं कि नशीले पदार्थ मिजोरम और असम के रास्ते म्यांमा से आ रहे हैं। उन्होंने कहा, बढ़ते खतरे को देखते हुए बच्चों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। जैसा कि आप जानते हैं कि नशीली दवाओं की जब्ती और नष्ट करने के मामले में पूर्वोत्तर में असम के बाद त्रिपुरा दूसरे स्थान पर है। साहा ने कहा कि पहले राज्य से भारी मात्रा में नशीले पदार्थोंकी तस्करी की जाती थी लेकिन 2018 तक लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा, अब यह सर्वविदित है कि मादक पदार्थ की खेती पारंपरिक फसलों का विकल्प बन गई थी। अब, सरकारी एजेंसियां त्रिपुरा को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। साहा ने कहा कि राज्य के सभी आठ जिलों में नशामुक्ति केंद्र बनाए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को अवमानना का नोटिस थमाया, कंपनी को भ्रामक विज्ञापन जारी करने से रोका

एजेंसी।

दिल्ली शीर्ष अदालत ने कंपनी को यह भी निर्देश दिया कि वह कोई भ्रामक विज्ञापन जारी न करे या एलोपैथी के प्रतिकूल बयान न दे। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रतिवादियों को अगले आदेश तक नियमों के अनुसार बीमारियोंध्बीमारियों के इलाज के रूप में निर्दिष्ट उनके विपणन किए गए औषधीय उत्पादों के विज्ञापन और ब्रांडिंग से रोका जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को अपने औषधीय उत्पादों का विज्ञापन करने से रोक दिया और नवंबर के आदेश का उल्लंघन करने के लिए इसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया। हम रामदेव और आचार्य



बालकृष्णन को कारण बताने के लिए नोटिस जारी करते हैं। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। एलडी वकील उनकी ओर से नोटिस स्वीकार कर 2 सप्ताह के भीतर उत्तर दें। शीर्ष अदालत ने कंपनी को यह भी निर्देश दिया कि वह कोई भ्रामक विज्ञापन जारी न करे या एलोपैथी के प्रतिकूल बयान न दे। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रतिवादियों को अगले आदेश तक नियमों के अनुसार बीमारियोंध्बीमारियों के इलाज के रूप में निर्दिष्ट उनके विपणन किए गए औषधीय उत्पादों के विज्ञापन और ब्रांडिंग से रोका जाता है। उन्हें प्रिंट या अन्य मीडिया में किसी भी रूप में किसी भी चिकित्सा प्रणाली के प्रतिकूल कोई भी बयान देने से सावधान किया जाता है। यह याचिका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर की गई थी, जिसमें सभी बीमारियों का इलाज करने का दावा करने वाले और एलोपैथिक दवाओं की प्रभावकारिता पर संदेह करके डॉक्टरों को बदनाम करने वाले सभी भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ आदेश देने की मांग की गई थी। याचिका में रामदेव और पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है। बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा, "मैं प्रिंटआउट और अनुलग्नक लाया हूं। हम आज बहुत सख्त आदेश पारित करने जा रहे हैं. इसके माध्यम से जाओ। आप कैसे कह सकते हैं कि आप ठीक कर देंगे? हमारी चेतावनी के बावजूद आप कह रहे हैं कि हमारी चीजें रसायन–आधारित दवाओं से बेहतर हैं?

## ओवर लोडिंग पर होगी सख्त कार्यवाही, एकत्रित किया जाएगा डाटा

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) ओवर लोडिंग बडे हादसों की वजह बन रही है। अब ओवर लोडिंग पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। पांच बार चालान चालन किया जाएगा, इसके बाद एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जिसमें सीएमओ, डीआईओएस एवं यमुना एक्सप्रेस वे के अधिकारी है। बैठक में ओवर लोडिंग पर सख्ती दिखाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टोल टैक्स से निरंतर ओवर लोडिंग का डाटा लेते हुए कार्यवाही करे। वाहनों द्वारा पांच बार ओवर लोडिंग किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर कराएं। हिट एंड रन मामले में गुड सेमिरिटन को चिन्हित करते हुए उन्हें लाभान्वित एवं सम्मानित करें। हिट एंड रन मामले में थानों से समन्वय स्थापित करते हुए पोर्टल पर ससमय फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। वृंदावन में संचालित ई रिक्शा के नए रूट अनुसार चलाते हुए उनपर क्यू.आर. कोड तथा रेट के पोस्टर चस्पा करे। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा बैठक में अधिकाधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी आदि में पेन्टिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि के माध्यमों से सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होंने स्कूल एवं कॉलेजों में बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी वीडियो दिखाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी आदि में मेडिकल एवं हेल्थ कैम्प लगाकर जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ब्लैक स्पॉट चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा सफर को सुरक्षित बनाने का कार्य करे। स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि में संचालित वाहनों की फिटनेस, प्रदूषण तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स, चरित्र प्रमाण पत्र आदि के सत्यापन करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने लगातार सघन वाहन चेकिग अभियान चलाकर हेलमेट व सीटबेल्ट आदि की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन तथा पुलिस विभाग को सड़क हादसे पर रोक लगाने के लिए हेलमेट चेकिग व सीटबेल्ट को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि टेंपो, बसों, ट्रकों में सुरक्षा के मानक का पालन सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, अवैध टैक्सी स्टैंड, अनाधिकृत ई रिक्शा, डग्गेमार वाहन, ओवरलोडिंग आदि पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, एसपी ट्रैफिक देवेश कुमार, ए.आर.टी.ओ मनोज वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## कर्नाटक में नहीं हो सका खेला, कांग्रेस के तीनों राज्यसभा उम्मीदवार जीते

एजेंसी।

कर्नाटक बीजेपी–जेडीएस गठबंधन की ओर से पांचवा अतिरिक्त उम्मीदवार उतारकर खेला करने की कोशिश की थी। हालांकि, यह सफल नहीं हो पाया। कर्नाटक की 223 सदस्यीय विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष को छोड़कर कांग्रेस के पास 133 विधायक हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) के पास क्रमशः 66 और 19 विधायक हैं। मंगलवार को हुए राज्यसभा चुनाव में कर्नाटक से कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों और बीजेपी के एक उम्मीदवार ने जीत हासिल की। राज्य की चार राज्यसभा सीटों के लिए पांच उम्मीदवार थे। कांग्रेस के सभी तीन उम्मीदवार – पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, और वर्तमान राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन और जी सी चंद्रशेखर – जीते, भाजपा उम्मीदवार और पूर्व एमएलसी नारायणसा भांडगे चुनाव जीतने में सफल रहे। वहीं, जद (एस) के उम्मीदवार कुपेंद्र रेड्डी हार गए। बीजेपी–जेडीएस गठबंधन को झटका लगा क्योंकि कम से कम एक बीजेपी विधायक ने कांग्रेस को वोट दिया। कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोट हासिल करके विजयी हुए और अब राज्यसभा में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। मतदान प्रक्रिया 99.5 प्रतिशत मतदान के साथ संपन्न हुई, क्योंकि कुल 223 मतदाताओं में से 222 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि यह कांग्रेस की एकता और अखंडता को दर्शाता है।श मैं सभी विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और मीडिया को धन्यवाद देता हूं। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कांग्रेस के सभी उम्मीदवार जीत गए हैं। मैं सभी मतदाताओं, सीएम और पार्टी कार्यकर्ताओं और एआईसीसी अध्यक्ष को भी धन्यवाद देता हूं। मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद देना चाहता हूं। बीजेपी–जेडीएस गठबंधन की ओर से पांचवा अतिरिक्त उम्मीदवार उतारकर खेला करने की कोशिश की थी। हालांकि, यह सफल नहीं हो पाया। कर्नाटक की 223 सदस्यीय विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष को छोड़कर कांग्रेस के पास 133 विधायक हैं जबकि भारतीय




जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) के पास क्रमशः 66 और 19 विधायक हैं। अन्य विधायकों की संख्या चार है। राज्यसभा की चार सीट इसके चार सदस्यों – केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (भाजपा) और कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, सैयद नसीर हुसैन और एल हनुमंतैया की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन को झटका देते हुए भाजपा विधायक एस टी सोमशेखर ने मंगलवार को कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को वोट दिया। भाजपा की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सोमशेखर ने कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया और कहा कि पार्टी उनसे निपटने के लिए कानूनी विकल्प तलाशेगी। सोमशेखर भाजपा से नाराज हैं और पार्टी के खिलाफ बगावती रुख अपनाए हुए थे।

## प्रदेश में अब तक 53.35 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

### अब तक 795591 किसानों को किया गया लाभान्वित

संवाददाता। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023–24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुं० और धान ग्रेड–ए 2203 रूपये प्रति कुं० की निर्धारित दर से खरीद करते हुए अब तक 5335014.60 मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक लगभग 795591 किसानों को लाभान्वित करते हुए 11432.722 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। धान खरीद हेतु निर्धारित 70.00 लाख मी0टन क्रय लक्ष्य के सापेक्ष 76 प्रतिशत से अधिक खरीद की जा चुकी है।

## पति की मौत से सदमे में आयी नवविवाहिता ने इमारत से कूदकर की खुदकुशी

इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि अभिषेक (25) नामक युवक सोमवार को अपनी पत्नी अंजलि (23) के साथ दिल्ली स्थित चिड़ियाघर गया था, तभी उसके सीने में अचानक तेज दर्द उठा। सिंह के मुताबिक अभिषेक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी। गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले में अपने पति की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत से सदमे में आयी एक नवविवाहिता ने बहुमंजिला इमारत से कथित रूप से कूदकर खुदकुशी कर ली। इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि अभिषेक (25) नामक युवक सोमवार को अपनी पत्नी अंजलि (23) के साथ दिल्ली स्थित चिड़ियाघर गया था, तभी उसके सीने में अचानक तेज दर्द उठा। सिंह के मुताबिक अभिषेक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी।

## सामुदायिक विकास कार्यों हेतु ड मुहम्मद नईम को प्रैक्सिस संस्था द्वारा किया गया सम्मानित

झाँसी– 27 फरवरी 2024– सामुदायिक विकास कार्यों हेतु बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी के समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मुहम्मद नईम को देश की जानी मानी संस्था प्रैक्सिस द्वारा विगत दिवस उरई में आयोजित एक वृहद् कार्यक्रम में संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जोलिन मुण्डा द्वारा स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रैक्सिस संस्था देश भर में वंचित वर्गों के युवाओं और महिलाओं के शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु कार्य कर रही है। डॉ नईम भी विगत दो दशक से सामुदायिक स्तर पर युवाओं एवं महिलाओं को शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने में उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। पूर्व में उन्हें मतदाता जागरूकता हेतु उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा, जल संरक्षण हेतु जलपुरुष राजेंद्र सिंह जी सहित अनेकों सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर प्रैक्सिस से शिशुपाल सिंह, ज्योति यादव, कुलदीप बौद्ध भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉ नईम को सम्मानित किए जाने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी से आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने शिष्टाचार भेंट की

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी से आज उनके सरकारी आवास पर भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएम ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश और ऑस्ट्रेलिया के मध्य यूपीजीआईएस–2023 तथा जीबीसी–4.0 में किये गये निवेश एवं निष्पादित एमओयू के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा आयात निर्यात के बारे में भी वैचारिक आदान प्रदान हुआ। इस अवसर पर दानिश आजाद ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। इन संबंधों को प्रगाढ करने में उत्तर प्रदेश की हमेशा से सकारात्मक भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया और उत्तर प्रदेश सरकार द्वार एक साथ काम करने से दोनों देशों के राजनैतिक और आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे, जिससे रोजगार और विकास के नए द्वारा खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में उत्तर प्रदेश अन्य क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रेलिया के साथ बेहतर सम्भावनाएं तलाशने का प्रयास करेगा। इस मौके पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को नये आयाम मिल रहे हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों को हर स्तर पर आगे बढ़ाने में उत्तर प्रदेश अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलियायी उच्चायुक्त ने उत्तर प्रदेश द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के साथ आयात–निर्यात से लेकर निवेश एवं औद्योगिक संबंधों को बढ़ाने पर जोर दिया।

# उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने में अल्ट्रा–मॉडर्न फिश मार्केट का महत्वपूर्ण योगदान होगा – डा0 संजय निषाद

लखनऊ।प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डा0 संजय निषाद की अध्यक्षता में आज प्रादेशिक मछुआ कल्याण सम्मेलन मत्स्य सम्पदा जागरूकता अभियान एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन राजधानी लखनऊ के कृषि निदेशालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश आज प्रदेश के मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिए समर्पित है, ताकि प्रदेश वासियों को मत्स्य पालन तकनीक एवं नदियों व जलाशयों में मत्स्य आखेट प्रबन्धन की जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन के साथ–साथ मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण व संवर्धन किया जा सके।

डा0 निषाद ने कहा कि विभागीय योजनाओं से मछुआ समुदाय को लाभान्वित करने एवं मत्स्य विकास हेतु मत्स्य विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में आनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त किये जा रहे हैं। प्रदेश के दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले व्यक्ति ऑनलाईन आवेदन करके विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जनसुविधा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि के सहयोग से आम जनमानस द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास हेतु संचालित योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण योजना भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत निजी भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी निर्माण, बायोफ्लाक पाण्ड, रियरिंग तालाब निर्माण, रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, इन्सुलेटेड व्हीकल्स, मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स, थ्री–व्हीलर विद आइस बॉक्स, साइकिल विद आइस बॉक्स, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, मत्स्य आहार प्लान्ट, मत्स्य आहार मिल, केज संवर्धन, पेन संवर्धन, सजावटी मछली रियरिंग यूनिट, कियोस्क निर्माण, शीतगृह निर्माण, मनोरंजन मात्स्यिकी, डाइग्नोस्टिक मोबाईल लैब, मत्स्य सेवा केन्द्र एवं सामूहिक दुर्घटना बीमा सहित कुल 31 योजनाएं संचालित हैं। मत्स्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त (अल्ट्रा–मॉडर्न) फिश मार्केट की स्थापना की जा रही है। वर्तमान में जनपद चन्दौली में अल्ट्रा मार्डन फिश मण्डी निर्माणाधीन है। मत्स्य आयात एवं निर्यात को बढावा देने, प्रदेश के अन्य जनपदों में उत्पादित मछली का उचित मूल्य मत्स्य पालकों एवं व्यवसायियों को उपलब्ध होने, क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान, मत्स्य पालकों के आय को बढाने, रोजगार सृजन, मत्स्य पालन क्षेत्र को बढावा देने, सामुद्रिक मत्स्य उत्पाद की उपलब्धता, मत्स्य से सम्बन्धित निवेश एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता के लिए मण्डी का निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी लागत प्रति इकाई रू0 50 करोड़ है। इस वर्ष जनपद गोरखपुर व मुरादाबाद में भी मण्डी निर्माण का प्रस्ताव किया गया है। उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने में अल्ट्रा–मॉडर्न फिश मार्केट का महत्वपूर्ण योगदान होगा। डा0 निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत मात्स्यिकी सेक्टर के संगठित विकास हेतु केन्द्र प्रायोजित परियोजना के अन्तर्गत जनपद– गोरखपुर एवं मथुरा में इन्टीग्रेटेड एक्वापार्क बनाये जाने हैं, जिसकी लागत प्रति इकाई रू0 40 करोड़ है। उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने में इन्टीग्रेटेड एक्वापार्क का महत्वपूर्ण योगदान होगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत योजना के प्रारम्भ से अब तक रू0 292 करोड़ अनुदान लाभार्थियों को वितरित किया गया है। योजना के अन्तर्गत 1870 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर तालाब निर्माण, खारे भूमि में 83 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर तालाब निर्माण, 277 हेक्टेयर क्षेत्रफल 823 रिसर्कुलेटरी क्वाकल्चर सिस्टम, 39 इन्सूलेटेड व्हीकल्स एवं मोबाईल लैब, 245 मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स, 92 थ्री–व्हीलर विद आइस बॉक्स, 2168 साइकिल विद आइस बॉक्स, 66 जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, 114 मत्स्य आहार मिल, 43 कियोस्क, 01 बैकयार्ड आर्नामेन्टल फिश रियरिंग यूनिट, 764 केज सहित कुल 5080 परियोजनाएं पूर्ण करायी गयी हैं, जिसकी कुल परियोजना लागत रू0 642 करोड़ है। मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में अब तक रू 8.50 करोड़ (आठ करोड़ पचास लाख) का अनुदान 648 लाभार्थियों को प्रदान किया गया है, जिससे 613 हेक्टेयर जलक्षेत्रों में मत्स्य पालन हेतु निवेश के लिए अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 रू0 10 करोड़ का बजट दिया गया है, जिसके अन्तर्गत 625 हेक्टेयर जलक्षेत्रों में मत्स्य पालन निवेश एवं मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु लगभग 687 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023–24 से निषादराज बोट सब्सिडी योजना चलाई जा रही है, जिसमें मत्स्य पालकों एवं मछुआरों को मछली पकड़ने एवं नौकायन हेतु नाव, जाल, लाईफ जैकेट, आइस बॉक्स आदि क्रय करने हेतु अनुदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। योजना की इकाई लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया 2023–24 हेतु रू0 05 करोड का बजट दिया गया है, जिससे 1865 मछुआरों को लाभान्वित किया जा रहा है। डा0 निषाद ने कहा कि मत्स्य पालकों एवं मत्स्य गतिविधियों में लगे हुए व्यक्तियों को बैंकों के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दिलायी जा रही है जिसके अन्तर्गत रू 1.60 लाख तक का बैंक ऋण बिना किसी जमानत के दिया जाता है। अब तक 15,212 मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश में सदानीरा नदियों पर मत्स्य आखेट हेतु मछुआ समुदाय की मत्स्य जीवी सहकारी समितियां बनाने हेतु नई नीति का निर्धारण किया गया। इसके तहत 565 नई मत्स्य जीवी सहकारी समितियां गठित की जाएंगीं। विश्व मात्स्यिकी दिवस, रिवर रैंचिंग कार्यक्रम एवं विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रदेश में मत्स्य विकास हेतु लगभग 75,000 मछुआरों एवं मत्स्य पालकों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (दिनांक 10 फरवरी से 12 फरवरी 2023) के अवसर पर विभागीय स्टाल एवं प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं का प्रचार–प्रसार कराया गया। उक्त समिट में 72 निवेशकों के रू0 862 करोड़ के प्रस्ताव पर मत्स्य विभाग एवं निवेशकों के मध्य एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए। दिनांक 19 फरवरी 2024 को आयोजित ग्राउन्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में कुल 251 करोड़ के निवेशकों के प्रस्ताव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से मछुआ समुदाय एवं कृषकों को लाभान्वित किया गया तथा वाहन परियोजनाओं का फ्लैग ऑफ भी किया गया। इनमें मोटर साईकिल विथ आईसबॉक्स के 33 लाभार्थी, थ्री व्हिलर विथ आईसबॉक्स के 08 लाभार्थी, रेफ्रीजरेटेड वैन एवं इन्सुलेटेड वैन के 08 लाभार्थी शामिल हैं।

# प्रदेश को देश ही नहीं, बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला प्रदेश बनायेंगे

## दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर एम्बुलेंस की होगी व्यवस्था – जितिन प्रसाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश को देश ही नहीं, बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला प्रदेश बनाने का लक्ष्य है। सड़क सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है और हमेशा रहेगी। रोड सेफ्टी को आगे लेकर चलना है। इसमें लोक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पुलिस सहित अन्य विभागों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

यह विचार आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए हाईवे पर अवैध कट को बंद करायें। छोटी सड़कों पर रम्बल स्ट्रीप्स तथा साइनेज का अवश्य प्रयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें भी बनेंगी, अच्छी बसे भी चलेंगी और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जायेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग नें पिछले दो वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए जन जागरूकता कई कार्यक्रम चलाये हैं। सड़क दुर्घटना में मृत्यु होना दर्शाता है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा की व्यवस्था के लिए अलग से टीम गठित करने के विषय पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि एक बार वे स्वयं भी सड़क दुर्घटना के शिकार हो चुकें हैं। एक व्यक्ति ने सही समय पर मुझे अस्पताल पहुँचाया और मेरी जान बचाई। सड़क दुर्घटना के समय देवदूत बनकर मदद करने वाले ऐसे गुड सिमेरिटन को आज सम्मानित करके गर्व महसूस कर रहा हूँ। गुड सिमेरिटन की संख्या जितनी अधिक होगी उतनी सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु कम होगी। प्रमुख सचिव परिवहन एल० वेंकटेश्वर लू ने कहा कि पिछले साल से लेकर अब तक सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत लगातार गतिविधियां विभाग द्वारा संचालित की गईं हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह से लेकर राज्य स्तर एवं जिले स्तर तक सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां विभाग द्वारा की जा रही हैं। ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के समन्वय से निष्ठापूर्वक कार्य किया जाए, तो सड़क दुर्घटना में और अधिक कमी लायी जा सकती है। इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने वाले जिलों के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। दुर्घटना में घायल लोगों का जीवन बचाने वाले गुड सेमेरिटन को पुरस्कृत किया गया था तथा रोड सेफ्टी क्रिकेट टीम की जसी को लांच किया गया।

# निदेशक सूचना ने विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी बैठक की तिथि निर्धारित की

## 29 फरवरी व 01 मार्च 2024 को होगी सब कमेटी बैठक

लखनऊ। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ.प्र. के निदेशक शिशिर ने आज यहां बताया कि 29 फरवरी व 01 मार्च 2024 को विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी की बैठक सूचना निदेशालय लखनऊ में प्रस्तावित की गयी है। इस बैठक के समन्वय हेतु उप निदेशक (प्रेस) ललित मोहन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रेस परिषद नई दिल्ली के द्वारा विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में सूचना निदेशक द्वारा सूचना निदेशालय के सभा कक्ष में बैठक प्रस्तावित की गयी है। भारतीय प्रेस परिषद नई दिल्ली के सचिव द्वारा प्रदेश के सभी लघु, मध्यम एवं बड़े समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों से भी बैठक में प्रतिभाग किए जाने की अपील की गई है।

# आगरा से झांसी तक के पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प–जयवीर सिंह

लखनऊ। राज्य में पर्यटन सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत लगभग 43 करोड़ रुपये की 19 योजनाएं स्वीकृत की गयी है। इसमें सर्वाधिक आगरा में 34.43 करोड़ की नौ, जौनपुर में 3.85 करोड़ की पांच, झांसी में 1.25 करोड़ की दो और बांदा में लगभग 20 लाख, इटावा में 2.65 करोड़ तथा बिजनौर में लगभग 50 लाख की योजना योजना स्वीकृत हुई हैं। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आगरा किला के अमर सिंह गेट और बाहरी दिवारों पर फसाड लाइटिंग कराई जाएगी। इसके लिए लगभग 4.45 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसमें 50 प्रतिशत पर्यटन विभाग और 50 प्रतिशत आगरा विकास प्राधिकरण व्यय करेगा। आगरा में ट्री हिल्टन से आगरा चौपाटी तक सड़क का सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए 4.14 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसी तरह इनर रिंग रोड स्थित फेस वन में प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए 3.76 करोड़ रुपये में स्वीकृत हुए हैं। फलाइओवर रमाडा का सौंदर्यीकरण, फसाड लाइटिंग, लैंडस्केपिंग, हॉर्टिकल्चर समेत कई और कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए लगभग 2.78 करोड रुपये स्वीकृत हुए हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि आगरा के जोधाबाई पैलेस में लाइट एंड साउंड शो तथा फतेहपुर सीकरी के लिए लगभग 4.22 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसके साथ ही जोधाबाई पैलेस के पाथवे लाइटिंग और एवी सिस्टम के लिए लगभग 4.43 करोड़ की स्वीकृत मिली है। आगरा में शहीद स्मारक पार्क में लाइट एंड साउंड शो के लिए लगभग 4.66 करोड़ स्वीकृत हुए हैं और इसके पार्क के सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य के लिए लगभग 3.62 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा फतेहपुर सीकरी स्थित गुलिस्ता पार्किंग के संपर्क मार्ग और पार्किंग के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 2.38 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इन योजनाओं की स्वीकृत राशि का 50 प्रतिशत राज्य सरकार और 50 आगरा विकास प्राधिकरण देगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि जौनपुर जिले के केराकत तहसील के राजेपुर गांव स्थित राजेपुर रामेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य एवं पर्यटन विकास के लिए 25 लाख रुपये की स्वीकृति मिली। जौनपुर के ग्राम पंचायत जनैथा में पर्यटन विकास के लिए लगभग 50 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। जौनपुर जिले के महाराजगंज कडेरेपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन विकास के लिए करीब 85 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। बदलापुर स्थित त्रिभुवननाथ धाम का जीर्णोद्धार एवं पर्यटन विकास लगभग एक करोड़ छह लाख रुपये से होगा। जौनपुर में ही विकासखंड रामपुर के कोचरी गांव में सत्यसाईं आश्रम के समीप पर्यटन विकास के लिए लगभग 1.20 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इटावा शहर स्थित पक्का तालाब के समीप विक्टोरिया मेमोरियल हाल का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 2.65 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। 50 प्रतिशत राज्य सरकार और 50 प्रतिशत विधायक निधि से खर्च की जाएगी। झांसी के मोंठ विकासखंड स्थित ध्वारी माता मंदिर परिसर के पर्यटन विकास के लिए 57.13 लाख रुपये, गरौंठा तहसील स्थित मोठ किला के पर्यटन विकास के लिए 68.28 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। बांदा जिले में स्थित कलिंजर किले में रानी दुर्गावती की मूर्ति स्थापित करने के लिए लगभग 20 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसमें 50 प्रतिशत राशि पर्यटन विभाग और 50 प्रतिशत स्थानीय विधायक द्वारा खर्च की जाएगी। बिजनौर के नगीना में स्थित किले के पर्यटन विकास के लिए लगभग 49.24 लाख की स्वीकृति मिली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में हम अभी पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी पर्यटन विभाग यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग भ्रमण करें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत प्रत्येक विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत जनप्रतिनिधि, सक्षम व्यक्ति, संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं। प्रस्ताव पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। इसी तरह जनप्रतिनिधियों की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे, उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी और 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग भ्रमण के लिए निकलें। ऐसा तब होगा जब लोगों के नजदीक पर्यटन के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसी उद्देश्य से सभी विधानसभा क्षेत्रों में पर्यटन स्थल विकसित करने की तैयारी है। इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने के साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना में प्रदेश को सर्वाधिक अनुदान हुआ स्वीकृत – योगेन्द्र उपाध्याय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तथा उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल द्वारा पी.एम. ऊषा की टीम के साथ मिलकर दिन–रात मेहनत के उपरान्त भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त कर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये गये, जिसके फलस्वरूप पूरे देश में उत्तर प्रदेश राज्य को सर्वाधिक अनुदान स्वीकृति किया गया।

योजना भवन लखनऊ मे मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समागम 2024 को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राज्य के विश्वविद्यालयों हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को लगभग धनराशि 740 करोड़ रूपये का अनुदान विभिन्न मदों में जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा स्वीकृति अनुदान का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों को रेनोवेशन करने पर किया जायेगा। केन्द्रीय वित्त पोषण उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये एक बड़ा बढ़ावा होगा। राज्य का लक्ष्य अनुसंधान और नवाचार के लिये एक सक्षम वातावरण बनाना है, जिससे विश्वविद्यालयों और उसके संबंधा महाविद्यालयों दोनों को लाभ होगा। अनुदान का उपयोग उत्तर प्रदेश राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु निर्धारित मापदंडों और मानको का अनुपालन सुनिश्चित करके उनकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिये किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों के स्वीकृत धनराशि का सही सदुपयोग किया जाय। समाज, सहयोग, सुधार, सत्तता और संस्कार इन पंचसूत्र पर कार्य किया जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मे काम करने के तेवर तथा व्यवस्थाओं के कलेवर बदले है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के जीवन को बेहतर करने में इस तरह के समागम मील का पत्थर साबित होंगे। भौतिक विकास के साथ–साथ संस्कारों को भी महत्व देना चाहिए। विश्वविद्यालयों मे आम जनसामान्य के हितों से जुड़े हुये शोध किये जाना चाहिए, जिससे प्रदेश के आम जनसामान्य के जीवन को एक नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा किल प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत चिन्हित न्यूनतम सकल नामांकन अनुपात के क्रम में असेवित क्षेत्रों में नये राजकीय मॉडल महाविद्यालयों हेतु अनुदान प्रदान किया गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना का उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों को वित्त पोषण तथा सभी उच्च संस्थानों को समान विकास प्रदान कर उच्च शिक्षा प्रणाली को ठीक करना है। योजना के अन्तर्गत 2026 के अंत तक सकल नामांकन अनुपात को 35 प्रतिशत तक बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा अनुदान का उपयोग डिजिटल शिक्षा के तरीकों के लिये बुनयादी ढ़ाचे को विकसित करने के लिये किया जायेगा। जिससे राज्य के सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के लिये उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसर सुनिश्चत होगें। राज्य में उच्च शिक्षा में महिलायों, अल्पसंख्यकों, एससी,एसटी, ओबीसी आदि व्यक्तियों को शामिल करने के लिये अनुदान का उपयोग किया जायेगा। बहु–अनुशासनात्मक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) के अन्तर्गत चिन्हित पूरे भारत देश में 26 विश्वविद्यालयों में से उत्तर प्रदेश राज्य के 06 विश्वविद्यालयों को 100–100 करोड़ रूपये अनुदान दिया गया है। जिसमें डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ है। विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत चिन्हित पूरे भारत देश में 52 विश्वविद्यालयों में से उत्तर प्रदेश राज्य 08 विश्वविद्यालयों को अनुदान दिया गया है। जिसमें डा. भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी प्रत्येक विश्वविद्यालय को 20,00,00,000 रूपये स्वीकृत किये गये है। इसी तरह वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय जौनपुर को 19,99,99,000 रूपये, प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) विश्वविद्यालय प्रयागराज को 19,99,97,000 रूपये, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया को 13,38,90,000 तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु को 6,53,11,262 रूपये स्वीकृत किये गये है।

# आनलाइन पेमेंट गेटवे हेतु राजस्व परिषद व एस.बी.आई. के मध्य हुआ अनुबंध

## विभागीय अभिलेखों तक चौबीस घंटे होगी पहुंच

लखनऊ। आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद एस.वी.एस रंगा राव ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आमजन की सुविधा के लिए विभागीय सेवाओं को सतत रूप से आनलाइन किया जा रहा है। उक्त सेवाओं के सापेक्ष हितबद्ध व्यक्तियों को कम्प्यूटरीकृत अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां आन लाईन 24•7 मोड में उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन पेमेन्ट गेटवे को लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में परिषद द्वारा आज एस०बी०आई० से आन लाईन पेमेन्ट गेटवे सर्विस लेने की कार्यवाही की गई। उक्त सर्विस को उपलब्ध कराने हेतु एस०वी०एस० रंगा राव, आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उ०प्र० एवं अरूण कुमार साहू, जनरल मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की उपस्थिति में परिषद एवं एस०बी०आई० के मध्य आज राजस्व परिषद मुख्यालय पर अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया। उन्होंने बताया कि विभागीय सेवाओं हेतु यूजर चार्जेज के संग्रहण हेतु आनलाइन पेमेन्ट गेटवे लागू होने के उपरांत राजस्व परिषद के विभागीय पोर्टल से कम्प्यूटरीकृत राजस्व अभिलेखों के प्राप्त करने की व्यवस्था लागू होने से हितबद्ध पक्षों को तहसील कम्प्यूटर केन्द्र अथवा कॉमन सर्विस सेन्टर पर जाने की न केवल बाध्यता समाप्त हो जायेगी अपितु पारदर्शी एवं बाधारहित तरीके से आमजन की राज्य के द्वारा अनुमत अभिलेखों तक 24ग7 मोड में पहुच सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभाग के द्वारा कम्प्यूटरीकृत खतौनी आमजन को उपलब्ध करायी जाती है। इस हेतु आवेदक के द्वारा तहसील कांउटर पर नगद पैसा जमा कर कम्प्यूटरीकृत खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त की जाती है। कंप्यूटरीकृत खतौनी लेने वालों को नकद धनराशि का भुगतान करने की समस्या से मुक्ति देने हेतु तहसील में यू०पी०आई० और क्यू आर कोड को स्कैन कर डिजिटल मोड में भी प्रयोक्ता प्रभार (यूजर चार्ज) का भुगतान किये जाने की व्यवस्था पूर्व में ही लागू की जा चुकी है। इसी क्रम में तहसील जाने की बाध्यता समाप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल से भी कंप्यूटरीकृत खतौनी प्राप्त किये जाने की व्यवस्था लागू की जा रही है। आन लाईन पेमेंट गेटवे की व्यवस्था पूर्णतः कियाशील होने के उपरांत आवेदक के द्वारा कम्प्यूटरीकृत अभिलेख (खतौनी) हेतु निर्धारित प्रयोक्ता प्रभार तथा पेमेंट गेटवे का सेवा प्रभार का आन लाईन भुगतान कर आवेदित अभिलेख की

प्रमाणित प्रति आन लाईन प्राप्त की जा सकती है। यू०पी०आई० एवं रूपे डेबिट से भुगतान पर कोई सेवा प्रभार देय नहीं होगा। अन्य माध्यमों यथा–इंटरनेट बैकिंग, केडिट कार्ड,एन०ई०एफ०टी०, कैश से भुगतान पर नाम मात्र का सेवा प्रभार देय होगा।

## अब जुमलों नही जमीनी काम करने वालो पर विश्वास करेगी जनता -अरविन्द वशिष्ठ

झांसीरू समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद वशिष्ठ के निवास पर समाजवादी पार्टी के सदस्यों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई!अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का चुनाव समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस के साथ गठबंधन कर हम लड़ रहे हैं और जब दो दल मिल जाते हैं



तो पार्टी की ताकत दुगनी हो जाती है हमारा विश्वास है की 80 सीटों में से 80 सीट पर गठबंधन अपना परचम फहराएगा और हम मजबूती के साथ लोकसभा में उत्तर प्रदेश से जाएंगे! भारतीय जनता पार्टी की सरकार के जुमलों से जनता अब ऊब चुकी है, महंगाई बेरोजगारी से आम जनमानस त्रस्त है। युवा एवं किसान परेशान है हमें जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को बताना है जनता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर विश्वास जता रही है इसका फायदा निश्चित रूप से हमें मिलेगा और हम भारी बहुमत के साथ लोकसभा में अपनी जीत दर्ज कराएंगे!उक्त बैठक में सर्वश्री किसान एवं व्यापारी नेता जितेन्द्र भदौरिया,मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष सैयद अली , छात्र सभा निवर्तमान अध्यक्ष अयान अली हाशमी,सुशील मौर्या, निखिल पाठक ,अभिषेक दीक्षित,एड अनीकेत चौधरी ,सरताज अली, मनीष कश्यप, हैदर अली , साहिल ,शादाब खान ,आलोक ठाकुर, हनीफ राइन, विकास सेंगर, आदि उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

झांसी! प्रथम पुरस्कार सुमित्रा प्राथमिक विद्यालय बामौर, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती उर्मिला रैकवार प्राथमिक विद्यालय नवीन ओरछा गेट



झांसी, तृतीय पुरस्कार लक्ष्मी देवी प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी चुंगी विकासखंड चिरगांव को प्रदान किया गया नगर शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें जनपद के समस्त विकासखंडो के 30 रसोइयों द्वारा प्रतिभाग करते हुए अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत मेन्यु के अनुसार व्यंजन तैयार किए गए। निर्णायक मंडल द्वारा भोजन के स्वाद के साथ–साथ रसोइयों के व्यवहार, स्वच्छता, सुरक्षा, सौम्य व्यवहार एवं मेन्यु की जानकारी व भोजन में पौष्टिक तत्वों के ज्ञान का आंकलन किया गया, जिसके आधार पर प्रथम पुरस्कार सुमित्रा प्राथमिक विद्यालय बामौर विकासखंड बामौर, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती उर्मिला रैकवार प्राथमिक विद्यालय नवीन ओरछा गेट, नगर क्षेत्र विकासखंड झांसी, तृतीय पुरस्कार लक्ष्मी देवी प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी चुंगी विकासखंड चिरगांव को प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार ध3500 द्वितीय पुरस्कार ध2500 तृतीय पुरस्कार ध1500 की राशि उनके खातों में प्रेषित कर दी गई एवं समस्त रसोइयों को सांत्वना पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलम यादव द्वारा रसोइयों को मध्यान्ह भोजन बनाते समय सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया । मुख्य अतिथि अरुण कुमार मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) झांसी मंडल द्वारा रसोइयों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को तारीफ करते हुए रसोइयों को उत्साह वर्धन करते हुए ऐसा ही स्वादिष्ट भोजन विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को भी बनाकर खिलाने के लिए प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारियो दीपक श्रीवास्तव, बी०एन० श्रीवास्तव,एस० पी० यादव एवं मनोज लक्षकार द्वारा रसोइयो के रसोइयो का उत्साह वर्धन करते हुए मध्यान्ह भोजन बनाते समय बरती जाने वाली सावधानियों, मेन्यु की जानकारी एवं स्वच्छता सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नितिन खरे, राजबहादुर सिंह, अनुज कुमार, राघवेन्द्र यादव, वैशाली विरला, तरुण दुबे, सैयद आरिफ अली, मधुर, विजय इत्यादि के द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## याद किए गए अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में कैप्टन मोस्ट रक्षक दल अमित अम्बेडकर के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन को दिया गया और मोस्ट की मांग थी कि जब तक बोरिंग का काम बंद करके बोरिंग मशीन वहां से नहीं हटा दी जाती तब तक मोस्ट के लोग कलेक्ट्रेट से नहीं हटेंगे और काफी जद्दोजहद के बाद एडीएम प्रशासन ने बोरिंग का काम रोक कर बोरिंग मशीन को वहां से हटाने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत–खोखीपुर (पूरे कंधई), विकास खण्ड–कुड़वार, तहसील–सदर में जलजीवन मिशन योजना के अंतर्गत बोरिंग होना है, जिसके लिए ग्राम पंचायत भूमि प्रबंधन समिति ने तीन स्थान प्रस्तावित कर प्रशासन को सूचित किया है किंतु उपजिलाधिकारी सदर द्वारा न्यायिक विकेकाधिकार का दुरुपयोग और लोकतंत्रात्मक व्यवस्था की हत्या करते हुए सभी मानकों को ताक पर रखकर चौथे स्थान सत्य प्रकाश यादव के घर के बगल विनोद यादव के खेत में जबरिया बोरिंग करा रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि उपजिलाधिकारी, सदर के अलोकतांत्रिक तुगलकी आदेश पर रोक लगाई जाए और ग्राम पंचायत भूमि प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्तावित भूमि पर बोरिंग कराई जाय अन्यथा पीड़ित को न्याय दिलाने व लोकतंत्रीय व्यवस्था बचाने आदि समस्याओं के समाधान के लिए मोस्ट कल्याण संस्थान जिलाधिकारी, सुलतानपुर के विरुद्ध भीषण विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद "गुरूजी" ने कहा कि जिला

प्रशासन जनकल्याण के बजाय निरंकुश रवैया अख्तियार कर लिया है और पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण नही हो रहा है। पीड़ितों को न्याय दिलाने की तरफ प्रशासन का ध्यान आकर्षण के लिए जल्द ही डीएम कार्यालय के समक्ष मोस्ट द्वारा महाप्रदर्शन किया जाएगा।

## लोकसभा चुनावः अंतरराज्यीय शराब की तस्करी रोकने को खडी की अभेद्य दीवार

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) लोकसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। चुनावों की सुचिता सुनिश्चित



करने के लिए कार्यवाही तेज कर दी गई है। उत्तर प्रदेश में चुनाव के अवसर पर होने वाली मदक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजामात किये गये हैं। खास कर हरियाणा और पंजाब से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए इंटरस्टेट पोस्ट बनाये गये हैं। इन पोस्ट पर लगातार संदिग्ध वाहनों की चौकिंग की जा रही है। हरियाणा से लगने वाले कोटवन बार्डर पर चेकपोस्ट बनाई गई है। इसी तरह हरियाणा की ओर से चेकपोस्ट बना कर लगातार चौकिंग की जा रही है। एजेंसियां समस्य स्थापित कर काम कर रही हैं जिससे कि तस्करी की संभावनाओं को न्यनतम किया जा सके। वहीं राजस्थान की सीमा पर चेकपोस्ट नहीं बनाये गये हैं। इसके पीछे अधिकारियों का तर्क है कि राजस्थान और यूपी में शराब की कीमतें लगभग समान हैं, इस लिए तस्करी की कोशिश नहीं होती है। पकडी जाने वाली तस्करी की अधिकांश शराब हरियाणा और पंजाब से ही आती है। इसी को देखते हुए कोटवन बार्डर पर चेकपोस्ट बनाई गई है।

**मथुरा में हर महीने करोडों की शराब पी रहे लोग**

ड्राई ऐरिया और पवित्र तीर्थ स्थलों से आच्छादित मथुरा जनपद में बडे हिस्से में मादम पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंधा है। बावजूद इसके मथुरावासी प्रति महीने करोडों की शराब पी जाते हैं। इससे सरकार को बडे राजस्व की प्राप्ति हो रही है लेकिन लोगों के घर कंगाल हो रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी मथुरा कुमार प्रभात चंद्र ने बताया कि दिसम्बर महीने में शराब से करीब 60 करोड का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसमें 31 करोड अंग्रेजी, 19 करोड देशी तथा 09 करोड रोजस्व बीयर से मिला। इसी प्रकार जनवरी महीने में 88 करोड का राजस्व विभाग से सरकार को प्राप्त हुआ। जिसमें 30.62 करोड अंग्रेजी, 17.80 करोड देशी तथा 7.57 करोड बीयर से मिला। बाकी हिस्सा इस महीने दुकानों के अवंटन और दूसरी निधियों का है।

### यह हुई है कार्यवाही

जिला आबकारी अधिकारी मथुरा कुमार प्रभात चंद्र के मुताबिक जनवरी माह में तस्करी कर ले जाई जा रही कुल 831 लीटर शराब जब्त की गई और कुल 44 मामलों में विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया और सात लोगों को जेल भेज दिया गया। वहीं दिसम्बर महीने में जनपद में शराब तस्करी के कुल 42 मिले जिनमें एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस दौरान कुल 790 लीटर शराब जब्त की गई। कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 लोगों को जेल भेजा गया। तस्करी में प्रयुक्त किये जा रहे दो वाहनों को भी सीज किया गये थे।

## दबाई गई इंच इंच जमीन की सुध ले रहा नगर निगम

### नगर आयुक्त लगातार कर रहे हैं कार्यवाही की मानीटरिंग

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) नगर निगम का विस्तार होने से पहले निगम का बडा क्षेत्र ग्रामीण था और ग्राम पंचायतों के तहत था। नगर निगम का विस्तार होने के बाद इन बाहरी क्षेत्रों में निगम सरकारी जमीनों को लगातार अवैध कब्जे से मुक्त करा रहा है। वहीं नगर निगम के पुराने शहरी क्षेत्र में भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगम एक एक इंच जमीन की सुध ले रहा है जिसे पूर्व में मशीनरी की लापरवाही के चलते चिन्हित नहीं किया जा सका था अथवा कब्जा मुक्त कराने की प्रभावी कार्यवाही अमल नहीं लाई जा सकी थी। नगर आयुक्त शशांक चौधली की जा रही कार्यवाही की लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे अथवा अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाए जाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में नगर निगम मथुरा वृंदावन की टीम द्वारा ग्राम सतोहा असगरपुर में सरकारी भूमि बंजारा गाटा संख्या 52 क्षेत्रफल 0.253 हेक्टर और ग्राम सदौला में बंजर की भूमि गाटा संख्या 223 क्षेत्रफल 0.372 हेक्टर और ग्राम बकलपुर में रास्ते की भूमि से अवैध कबजेदारों का कब्जा हटवाया गया। उक्त अवैध कब्जेदारो के द्वारा सरकारी भूमि पर बाउंड्री बनाकर अथवा खेती का कार्य कर कब्जा किया हुआ था। जिसे सहायक नगर आयुक्त श्री राकेश कुमार त्यागी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और प्रवर्तन दल की टीम की उपस्थिति में जेसीबी के माध्यम से हटवा दिया गया।



## युवा पर्यटन क्लब के बच्चों ने देखा सूर स्मारक, बनाई पैटिंग

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) पर्यटन विभाग के युवा पर्यटन क्लब से जुड़े स्कूली छात्र छात्राओं को सूरदास जी की तपोस्थली परासौली (गोवर्धन) का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने भ्रमण के दौरान अलग अलग पेटिंग भी तैयार कीं। उनको ब्रज के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गयी। यह भ्रमण कार्यक्रम उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सहयोग से हुआ। रविवार को पर्यटन विभाग मथुरा द्वारा उच्चतर



माध्यमिक राजकीय विद्यालय लोहवन के 25 छात्र व छात्राओं और सात शिक्षिकाओं ने युवा पर्यटन क्लब के बैनर तले गोवर्धन सौंख रोड स्थित गांव परासौली ले जाकर सूरदास की तपोस्थली, चंद्र सरोवर, निर्माणाधीन सूरदास ब्रजभाषा अकादमी भवन को देखा। यहां बच्चों ने अपनी तूलिका से पेपर सीट पर सूरदास, मीराबाई आदि के बहुत सुंदर चित्र बनाए। बाद में बच्चों ने बरसाना के पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया। छात्र व छात्राओं का भ्रमण कार्यक्रम पर्यटन अधिकारी डी के शर्मा की देखरेख में हुआ। इसकी संयोजक लोहवन के राजकीय स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कविता सक्सेना थीं। उनके साथ अन्य शिक्षिकाएं बीएन मिडिल, बरखा सारस्वत, पूजा शर्मा, ममता, रश्मि व लता पाण्डेय थीं। इस अवसर पर प्राचार्या के साथ उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के कोर्डीनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने भ्रमण के दौरान छात्र व छात्राओं को सूरदास जी व अष्टछाप के अन्य कवियों के बारे में और ब्रजभाषा में उनके द्वारा बनाए पदों की जानकारी दी। बच्चों को चंद्र सरोवर पर लगीं अष्टछाप के कवियों की प्रतिमाओं का अवलोकन कराया गया। उल्लेखनीय है कि पर्यटन विभाग ने राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा, अडीग, फरह और लोहवन के छात्र व छात्राओं के पर्यटन युवा क्लब गठित कराए हैं। ये क्लब बच्चों को ब्रज और ब्रज से बाहर के पर्यटन की जानकारी देने व पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित कराए गये हैं।

## अकारण लंबित परियोजनाओं में संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए आख्या उपलब्ध कराई जाए – मंडलायुक्त

झांसी । मंडलायुक्त डॉ0 आदर्श सिंह की अध्यक्षता में शासन द्वारा झांसी मण्डल के तीनों जनपद (झांसी, जालौन एवं ललितपुर) में चिन्हित 01



करोड़ रुपए से अधिक लागत की निर्माणकारी परियोजनाओं की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गई।बैठक में उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या विभाग एस0 एन0 त्रिपाठी ने मंडल में लक्षित 01 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की प्रगति के बारे में बताया कि झांसी मंडल में क्रियान्वित निर्माण कार्यों की कुल 648 परियोजनाएं लक्षित हैं, जिनमें से 379 परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 279 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। झांसी मण्डल में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा शासन द्वारा लक्षित परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत कार्यदायी संस्थायें उ0प्र0 पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा लक्षित 03 परियोजनाओं के सापेक्ष 03 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 प्रोजेट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा लक्षित 10 परियोजनाओं के सापेक्ष 03 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा लक्षित 37 परियोजनाओं के सापेक्ष 12 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 राज्य पर्यटन निगम द्वारा लक्षित 02 परियोजनाओं के सापेक्ष 01 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा लक्षित 03 परियोजनाओं के सापेक्ष 01 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 आवास विकास परिषद निर्माण इकाई द्वारा लक्षित 15 परियोजनाओं के सापेक्ष 03 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 जल निगम द्वारा लक्षित 21 परियोजनाओं के सापेक्ष 08 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लिमिटेड द्वारा लक्षित 08 परियोजनाओं के सापेक्ष 02 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा लक्षित 13 परियोजनाओं के सापेक्ष 03 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 एक्सप्रेस–वे इंडस्ट्रीयल डेवलेपमेंट अथॉरिटी लखनऊ (यूपिडा) द्वारा लक्षित 01 परियोजनाओं के सापेक्ष 01 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा लक्षित 01 परियोजनाओं के सापेक्ष 00 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा लक्षित 22 परियोजनाओं के सापेक्ष 12 परियोजनाओं पर, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा लक्षित 24 परियोजनाओं के सापेक्ष 12 परियोजनाओं पर, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा द्वारा लक्षित 122 परियोजनाओं के सापेक्ष 79 परियोजनाओं पर, ग्रामीण जलापूर्ति द्वारा लक्षित 25 परियोजनाओं के सापेक्ष 00 परियोजनाओं पर, झांसी विकास प्राधिकरण द्वारा लक्षित 01 परियोजनाओं के सापेक्ष 01 परियोजनाओं पर, नगर निगम–झांसी द्वारा लक्षित 63 परियोजनाओं के सापेक्ष 57 परियोजनाओं पर, मण्डी परिषद द्वारा लक्षित 01 परियोजनाओं के सापेक्ष 00 परियोजनाओं पर, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 द्वारा लक्षित 02 परियोजनाओं के सापेक्ष 01 परियोजनाओं पर, यू0पी0सिडको द्वारा लक्षित 25 परियोजनाओं के सापेक्ष 05 परियोजनाओं पर, लोक निर्माण विभाग द्वारा लक्षित 176 परियोजनाओं के सापेक्ष 135 परियोजनाओं पर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लक्षित 58 परियोजनाओं के सापेक्ष 29 परियोजनाओं पर एवं सी0 एण्ड डी0एस0 द्वारा लक्षित 15 परियोजनाओं के सापेक्ष 11 परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है।

## नेशनल हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र को 'सुपर परफार्मर अवार्ड'

लखनऊ, 27 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा–1 के छात्र मोहम्मद जेन तारिक खान को नेशनल हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु 'सुपर परफार्मर अवार्ड' से नवाजा गया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने सुन्दर लिखावट, स्पष्टता एवं उत्कृष्टता का प्रमाण अपनी लेखन प्रतिभा द्वारा दिया। आयोजकों ने विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। इसके लिए छात्रों को विद्यालय में अलग से विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि वे कल के विश्वव्यापी समाज का नेतृत्व अपने विकसित मानवीय दृष्टिकोण से कर सके।

## महानायक लेफ्टिनेंट जनरल श्रीमान आर.आर. निंभोरकर ने किए इस्कॉन मंदिर में दर्शन

संजीव कुमार शुक्ला लखनऊ रूअंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर सेक्टर एफ सुशांत



गोल्फ सिटी,अंसल एपीआई लखनऊ में आज 2016 को उरी सर्जिकल स्ट्राइक के महानायक एवं शूरवीर लेफ्टिनेंट जनरल श्रीमान आर आर निंभोरकर जी ने आज लखनऊ शहर आगमन पर श्री श्री राधा रमण बिहारी जी मंदिर,(इस्कॉन मंदिर) में सपरिवार पधारकर भगवान के दर्शन किए उनका स्वागत मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी के शहर से बाहर होने के कारण उपाध्यक्ष श्रीमान दीन दयाल कृष्ण प्रभु जी एवं पी.आर.ओ. श्रीमान देव रक्षक प्रभु जी ने किया, एवम उनसे आगे भी मंदिर आते रहने का निवेदन भी किया।लेफ्टिनेंट जनरल श्रीमान आर आर निंभोरकर जी के ही नेतृत्व में ही उरी सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया गया था,इन्हीं के नेतृत्व में ही दुश्मन की सीमा में घुस कर बगैर किसी क्षति के ही 3 सर्जिकल स्ट्राइक करके कई दुश्मनों को अपनी बहादुरी एवं चतुराई से दुश्मनों को मार गिराया एवं देश का गौरव बढ़ाया एवं उनकी बहादुरी एवं शौर्य के कारण ही भारत सरकार ने उनको कई पदकों से कई बार सम्मानित भी किया है।

## शिव बारात की धूम,घर घर सजी रंगोली जलाए गए दीपक बजाए गए ढोल

गुरसराय(झाँसी)– प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा गुरसराय द्वारा 88 वी महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में विशाल मूल्यनिष्ट समाज का करने निर्माण निकाली शांति सद्भावना



शिवरथ यात्रा ने पूरे नगर मे शिव भोलेनाथ का पूजन और स्वागत सत्कार कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष कुमार अवस्थी ने की।मेजर अखिलेश पिपरैया,प्रहलाद सिंह,अशोक पटेल, तेजसिंह पटेल,शिवदयाल पटेल,हरपाल पटेल,रामचरण पटेल,भारत यादव,राजकुमार द्वारा ब्रह्माकुमारी आश्रम मे शिव पूजन किया गया।यात्रा मे सजी मनमोहक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें श्री सीताराम,राधे कृष्ण,लक्ष्मी नारायण,दुर्गा,हनुमान जी,झाँसी की रानी,झलकारी बाई,भारत माता घोड़े पर सवार होकर राष्ट्र ध्वज लेकर चल रहे थे।वही दूसरी ओर भाई बैनर लेकर एवं माताएं शिवध्वज् लेकर मंगल गीत गाती चल रही थी।यात्रा को लेकर पूरे नगर मे उत्साह छाया रहा।जगह जगह शिव यात्रा का भव्य स्वागत रमेश मौर्या,डॉ.विवेक कटियार,डॉ अरजरिया,पाठक टेंट हाउस,विनोद अग्रवाल,सोनाली सूट कलेक्शन,अशोक अग्रवाल,बिलैया ऑटो सर्विस सेंटर,ओम प्रकाश बिलैया,संजीव पांचाल समस्त नगर वासियों ने रंगोली सजाकर,फूल वर्षा कर 56 भोग सजाकर एवम प्रसाद वितरण कर रथ यात्रा का स्वागत किया।यात्रा का उद्देश जन जन तक परमात्मा शिव का सत्य सन्देश पहुंचाना,स्वयंभू स्वयं धरा पर आकर विश्व परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं,यह भारत पुनः स्वर्णिम भारत बन रहा है।सम्पूर्ण रथ यात्रा में पुलिस स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।इस रथ यात्रा में मऊरानीपुर केंद्र प्रभारी बी के चित्रा दीदी,गुरसराय केंद्र प्रभारी बी के कविता दीदी,बरुआसागर केंद्र प्रभारी बी के उमा दीदी,बी के रचना दीदी,बी के पूजा दीदी,बी के कल्याणी दीदी,बी के आरती दीदी,बीके मोहिनी दीदी,बीके ,अंकिता

दीदी,मनू,अनु,साक्षी,दीक्षा,हिमांशी,तृषा,आस्था,माही,आकांक्षा तिवारी,परी,बेटू,अक्षिता,आकृति, मिष्टी,राशि गुप्ता,पिंकी,कृष्णा,राघव, हर्षिल,राजेंद्र बिलैया,गोविंद दास बिलैया,नरेंद्र अग्रवाल,सत्येंद्र अग्रवाल, सीताराम कुशवाहा,प्रदीप अशोक,नीलू अग्रवाल,संजीव पांचाल,कौशिक नुनार वाले,भोला पटसारिया इत्यादि समस्त नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।अंत में गुरसराय केंद्र प्रभारी बी के कविता दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# संपादकीय

## भारत की रूस चिंता

विदेश मंत्री जयशंकर के हालिया भाषणों से भारत की यह इच्छा जाहिर होती है कि पश्चिमी देश भारतीय जरूरतों के मुताबिक अपनी नीतियों को ढालें। वे ऐसा रुख ना अपनाएं, जिससे रूस ज्यादा से ज्यादा चीन के करीब चला जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते एक जर्मन अखबार को दिए इंटरव्यू में पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का बचाव किया। कहा कि मॉस्को ने कभी भी भारत के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। दोनों देशों के बीच हमेशा स्थिर और दोस्ताना संबंध रहे हैं। ये बात जयशंकर ने ठीक उस समय कही, जब रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत से पश्चिमी देश भड़के हुए थे। साथ ही यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने वाले थे। इस मौके पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर पांच सौ नए प्रतिबंध लगाने का एलान किया, जिसके दायरे में रूस से कारोबार करने वाली कुछ भारतीय कंपनियां भी आ गई हैं। उसी माहौल के बीच नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी देशों को चाहिए कि वे दरवाजे बंद करने के बजाय रूस को अधिक विकल्प उपलब्ध कराएं, ताकि वह चीन के ज्यादा करीब ना चला जाए।विदेश मंत्री ने यहां चीन के खिलाफ अपनी नाराजगी फिर जताई। कहा कि चीन को श्माइंड गेम्य खेलने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, जो अन्य देशों को सहभागियों के साथ मिलकर काम करने से रोकना चाहता है। निहितार्थ यह कि चूंकि भारत ने अमेरिका के साथ सहभागिता बनाई है, इसलिए चीन ने भारत के खिलाफ सख्त रुख अपना रखा है। वह चाहता है कि भारत अमेरिका से दूरी बनाए, तब वह 2020 में सीमा पर बने गतिरोध को दूर करने पर राजी होगा।जयशंकर के इन भाषणों से भारत की यह इच्छा जाहिर होती है कि पश्चिमी देश भारतीय जरूरतों के मुताबिक अपनी नीतियों को ढालें। संभवतरू भारत सरकार की समझ यह है कि अमेरिका की चीन विरोधी रणनीति में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए वह पश्चिमी नीति को प्रभावित कर सकने की स्थिति में है। मगर असल में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। निज्जर और पन्नू मुद्दों के बाद तो स्थितियां और प्रतिकूल हो गई हैं। ऐसे में रूस भले भारत के लिए महत्त्वपूर्ण हो, लेकिन उस वजह से पश्चिम की सोच ढलेगी, इसकी न्यूनतम संभावना ही है।

## हताश युवा क्या करें?

भारत सरकार ने मान लिया है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए रूसी सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। इस प्रकरण में उठा मुख्य मुद्दा यह है कि आखिर भारतीय नौजवान कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं?भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रूस–यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऐसे कम–से–कम 100 भारतीय नौजवान रूसी सेना में नौकरी कर रहे हैं। उनमें से कम–से–कम तीन को रूस ने मोर्चे पर तैनात किया है। यानी वे रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे हैं।स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह संभवतरू पहला मौका है, जब भारतीयों के सामूहिक रूप से भाड़े के सैनिक बनने की खबर आई है। सामने आईं जानकारियों के मुताबिक रूस की सेना ने दुबई के जरिए इन भारतीयों को अनुबंधित किया। रूस के गए नौजवानों के परिजनों का दावा है कि इन लोगों की नियुक्ति रूसी सेना की सहायता के लिए की गई थी, लेकिन यूक्रेन सीमा के पास ले जाकर उन्हें बताया गया कि उन्हें लड़ाई भी लडनी है। मुद्दा उछलने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार रूस की सेना के साथ संपर्क में है।विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वह रूस–यूक्रेन युद्ध से अपने आपको दूर रखें। लेकिन यह सलाह बेमतलब है। जब ये नौजवान रूस चले गए, तब वहां के हालात उनके अपने हाथ में नहीं होंगे। इसलिए विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय नौजवान विदेशों में कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? आखिर खुद भारत सरकार ने युद्ध–ग्रस्त इजराइल में मेहनत–मजदूरी करने के लिए हजारों युवाओं को भेजने का करार किया है। वहां जाने के लिए जुटी भीड़ में शामिल नौजावनों ने मीडिया से कहा था कि उन्हें इजराइल जाने का जोखिम मालूम है, लेकिन उन्हें लगता है कि श्यहां भूखों मरने से बेहतर वहां काम करते हुए मरना है।य असल मुद्दा युवाओं में समा गई यही मायूसी है। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में जो नजारा दिखा है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि ऐसी हताशा क्यों पैदा हो रही है। अगर यह स्थिति आज सार्वजनिक विमर्श में सर्व–मुख्य मुद्दा नहीं है, तो रूस गए नौजवानों की तमाम चिंताएं निरर्थक समझी जाएंगी।

## बिहार, झारखंड में कांटे की लड़ाई

भारतीय जनता पार्टी 370 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिन राज्यों में पिछली बार का प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है उनमें बिहार और झारखंड दोनों शामिल हैं। बिहार में पिछली बार 40 में से 39 सीटें एनडीए को मिली थी जिसमें भाजपा को अकेले 17 सीटें मिली थीं। इस बार भाजपा को इसमें मुश्किल दिख रही थी तो उसने किसी तरह से राजद और जदयू का गठबंधन तुड़वा कर नीतीश कुमार के साथ तालमेल किया है। इसके बावजूद भाजपा को गारंटी नहीं है कि वह पिछला प्रदर्शन दोहरा पाएगी।इसी तरह झारखंड में भाजपा और उसकी सहयोगी को राज्य की 14 में से 12 सीटें मिली थीं। लेकिन उसके तुरंत बाद हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उसे हरा दिया था। तब से भाजपा किसी तरह से सरकार को अस्थिर करने में लगी थी। चुनावी साल में जेएमएम नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ने विपक्ष का वोट एकजुट किया है। वहां आधा दर्जन सीटों पर भाजपा के लिए मुश्किल लड़ाई दिख रही है। ओवरऑल वोट में भाजपा बहुत आगे है। उसे 56 फीसदी वोट मिले थे, जबकि जेएमएम और कांग्रेस अलायंस को 35 फीसदी वोट मिले थे। यानी 21 फीसदी वोट का अंतर था।लेकिन सीटवार देखें तो पिछले लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा ने लोहरदगा, खूंटी और दुमका सीट बहुत कम अंतर से जीती थी। खूंटी में अर्जुन मुंडा महज डेढ़ हजार वोट से जीते थे, जबकि लोहरदगा सीट पर सुदर्शन भगत 10 हजार वोट से जीते थे। दुमका में सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को 47 हजार वोट से हराया था। इन तीन सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम गठबंधन कम अंतर से हारा था और दो सीटों– चाईबासा व राजमहल में जीत मिली थी। सो, कम से कम पांच लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां विपक्ष गठबंधन मजबूत है। पिछली बार के मुकाबले विपक्ष का गठबंधन इस बार बेहतर स्थिति में इसलिए भी है क्योंकि पांच साल राज्य में भाजपा के तमाम प्रयासों के बावजूद न जेएमएम में कोई टूट हुई और न कांग्रेस टूटी। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने और गिरफ्तारी के बाद भी चम्पई सोरेन के साथ सभी विधायक एकजुट रहे।बिहार में भाजपा को पता था कि राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट का गठबंधन ज्यादा मजबूत है इसलिए नीतीश कुमार को उसने अपने साथ मिलाया। ओवरऑल वोट में भाजपा, जदयू और लोजपा गठबंधन को 23 फीसदी वोट की बढ़त थी। एनडीए को 53 फीसदी तो कांग्रेस और राजद गठबंधन को 30 फीसदी वोट मिले थे। लेकिन सीटवार मुकाबले में कई सीटें बहुत कांटे की टक्कर वाली थीं। मिसाल के तौर पर जहानाबाद सीट पर राजद के सुरेंद्र यादव सिर्फ साढ़े 17 सौ वोट से हारे थे।

# पश्चिम बंगाल में अत्याचार और भ्रष्टाचार के पुराने सभी रिकार्ड टूटते जा रहे हैं

पश्चिम बंगाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने शिक्षक भर्ती घोटाले का खुलासा किया जिसमें सरकार के 2 मंत्री संलिप्त हैं। राज्य के शिक्षा राज्यमंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के तौर–तरीकों से यही लगता है यह भारत का नहीं बल्कि किसी दूसरे मुल्क का हिस्सा है। देश का यह एक ऐसा प्रदेश बनता जा रहा है जहां संविधान के अनुसार शासन करने की जद्दोजहद जारी है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार की मनमर्जी ने इस प्रदेश के हालात बिगाड़ दिए हैं। पश्चिम बंगाल ऐसे प्रदेश की शक्ल इख्तियार करता जा रहा है, जहां सरकार समर्थित लोगों पर भ्रष्टाचार और गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं। घोटालों, चुनावी हिंसा और हाल ही में संदेशखाली में महिलाओं से बलात्कार के मामलों से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की नौबत आ गई है। हालांकि केंद्र की भाजपा सरकार यह गलती नहीं करेगी। ऐसी स्थिति में न सिर्फ राज्य में कानून–व्यवस्था बिगड़ सकती है, बल्कि ममता बनर्जी को सहानुभूति का फायदा भी मिल सकता है। यही वजह है कि संदेशाखाली की घटना के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग और प्रदेश भाजपा की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग के बावजूद केंद्र सरकार ने इस कोई फैसला नहीं लिया। घोटालों और चुनावी हिंसा के कारण बदनामी का कलंक झेलने वाली ममता सरकार अब संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं से बलात्कार के मामले में सुर्खियों में है। संदेशखाली के सरगना शाहजहां शेख के आतंक की कहानी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। तृणमूल कांग्रेस समर्थित अपराधियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भी उनके हमलों से सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में मनी लॉन्ड्रिंग में छापे के कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की टीम को हमले का शिकार बनाया गया। जब अधिकारियों ने संदेशखाली में उसके घर में घुसने की कोशिश की तो 2,000 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने लाठी, डंडे और रॉड से हमला बोल दिया। इस घटना के बाद ही शेख के काले कारनामों का खुलासा हुआ। ममता सरकार ने इस मामले को दबाने–छिपाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इस घटना की जानकारी लेने के लिए गए राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम को मौके पर नहीं जाने दिया गया। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी भी संदेशखाली कोर्ट की परमिशन से पहुंच सके। कलकत्ता हाई कोर्ट ने संदेशखाली में यौन उत्पीडन के आरोपों पर स्वतरू संज्ञान लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि शाहजहां शेख के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने संदेशखाली मामले में पूरे मामले में राज्य की सरकार से रिपोर्ट भी मांगी है। अब सरकार को हाई कोर्ट में हलफनामा देना होगा। इस हलफनामे में सरकार को बताना होगा कि संदेशखाली की पीडिघ्त महिलाओं के लिए अब तक क्या–क्या किया गया है? शाहजहां पर पहले भी गंभीर आरोप लगे थे। इसमें जबरन वसूली, हमला, बलात्कार और हत्या शामिल है। हालांकि उसे सजा नहीं हुई। 2020 में जब उस पर दो भाजपा नेताओं की हत्या का आरोप लगा तब भी वह फरार हो गया था। संदेशखाली प्रोटेस्ट के बाद उसके दो करीबियों शिबू हजारा और उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था के हालात कितने खराब हैं, इसका अंदाजा चुनावी हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लगाया जा सकता है।

पश्चिम बंगाल में 2021 में राज्य चुनाव के बाद हुई हिंसा मामले मे सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ये अंतरिम आदेश सीबीआई की उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें सीबीआई ने राज्य में चुनावों के बाद हुई हिंसा के मामलों की सुनवाई राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की गुहार लगाई थी। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि राज्य में गवाहों को धमकाया जा रहा है और राज्य की एजेंसियां मूकदर्शक बनी हुई हैं।पश्चिम बंगाल ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें कथित तौर पर चुनाव के बाद हिंसा के दौरान हुई हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह आदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सात सदस्यीय समिति की एक रिपोर्ट के आधार पर दिया था। हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया था। आदेश मई 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद, हिंसा के कारण अपने घरों से भागने वाले कई लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दावा किया था कि सत्तारुढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के डर से वो अपने घर नही लौट पा रहे हैं।पश्चिम बंगाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने शिक्षक भर्ती घोटाले का खुलासा किया जिसमें सरकार के 2 मंत्री संलिप्त हैं। राज्य के शिक्षा राज्यमंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। इससे पहले ममता सरकार में कोयला घोटाला, पशु तस्करी घोटाला,



शारदा चिट फंड घोटाला, रोज वैली घोटाला हुआ है। ममता बनर्जी सरकार ने लगता है कि घोटालों का बंगाल माडल बना दिया है। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर 2 लाख करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया। पैसे के बाद काम होने पर एक साल के अंदर यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट देना होता है। 1.9 लाख करोड़ रुपये का ममता सरकार ने यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया है। ममता सरकार ने 2018 से 2021 तक 2.4 करोड़ का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। इसमें ग्रामीण विकास, शहरी विकास और शिक्षा मंत्रालय है। इन विभागों में ज्यादा भ्रष्टाचार है। पश्चिम बंगाल में अपराधों के अलावा घोटालों की हालत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करीब एक दर्जन तृणमूल के नेता जेलों में बंद हैं। इनमें से ज्यादातर को जमानत तक नहीं मिल सकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता सरकार में मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को हिरासत में लिया जिनके घर से करीब 20 करोड़ रुपए मिले थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर ई.डी. की टीम पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले के आरोपी पार्थ चटर्जी के घर पहुंची थी। जब यह कथित घोटाला हुआ था, तब चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। मौजूदा परिदृश्य से यही लगता है कि ममता बनर्जी अपनी मर्जी के हिसाब से सरकार चलाना चाहती है। एनआईए, सीबीआई और ईडी ने भ्रष्टाचार या अपराधों के मामलों में देश के दूसरे राज्यों में भी कार्रवाई की है, किन्तु जांच एजेंसियों को जिस तरह का हिंसात्मक विरोध का सामना पश्चिमी बंगाल में करना पड़ा है, वैसा देश के किसी भी दूसरे राज्य में देखने को नहीं मिला। घपले–घोटालों के एक भी मामलों से ममता सरकार मुक्त नहीं हो सकी। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी ने पश्चिमी बंगाल में मजबूत राजनीतिक पकड़ बना रखी है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस राज्य में सत्ता में बनी हुई है। कांग्रेस, भाजपा और वाम दल पश्चिम बंगाल में जड़े जमाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन पूर्व के चुनावों तक ममता ने इन्हें टिकने नहीं दिया। सत्ता में लंबे समय से बने रहने का ममता बनर्जी ने शायद यह मतलब निकाल लिया है कि पश्चिम बंगाल में उनकी मर्जी ही कानून है, यही वजह है कि ममता सरकार को विभिन्न मामलों में हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक से फटकार खानी पड़ी है।

ममता बनर्जी को यह समझना है कि नेताओं की लोकप्रियता का अर्थ यह कदापि नहीं हो सकता है कि देश के कानून से खिलवाड़ किया जाए। यदि लोकप्रियता और सत्ता ही पैमाना होता तो देश में लालू यादव सहित दर्जनों ऐसे नेता हैं, जिन्होंने न सिर्फ सत्ता गंवाई बल्कि जेल का मुंह भी देखा है।

## आज का राशिफल

मेष राशि– आज का दिन आपके तथा आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला दिन है। पारिवारिक समस्याएं आज स्वयं दूर हो जाएंगी और आप अपने जीवनसाथी के साथ आनंद का अनुभव करेंगे। किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। प्रोफेशनल हैं तो कार्यक्षेत्र में प्रगति के अवसर मिलेंगे, आपमें उत्साह बढ़ेगा, परंतु आगे बढने से पहले अपने अधूरे कार्य को अवश्य पूर्ण करें अन्यथा काम का बोझ बढ़ेगा।

वृष राशि–आपके लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। भाई–बहन से बिगड़े रिश्ते सुधारने पर आज आप सोच विचार करेंगे। इसके लिए जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। सड़क पर चलते समय सतर्क रहें। आज विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है, पढ़ाई में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी, और पढने में मन लगेगा। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का मन बनाएंगे। मनोबल ऊंचा रहेगा।

मिथुन राशि–सकारात्मक विचारों से दिन का प्रारंभ करें। आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के कार्यों संबंधित यात्रा हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आप प्रभावित हो कर जीवन शैली में बदलाव लाने पर विचार करेंगे। यदि आप गाड़ी खरीदने की सोच रहे हैं तो अभी के लिए टाल दीजिए। इस राशि के जातकों को इंजीनियरों को कार्यस्थल पर कुछ नए बदलाव का सामना करना पड़ सकता है।

कर्क राशि–आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। व्यापार में अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आज किसी से उधार के लेन–देन से बचें। कुछ दिनों से चल रहे पारिवारिक समस्याएं आज जीवनसाथी की मदद से अच्छा हो जाएगा, गलतफहमियां दूर होंगी। परस्पर रिश्तों में सुधार होगा और आज आप सब एक साथ मिलकर रात्रि भोज में शामिल होंगे।

सिंह राशि–आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे। घर के कार्यों में सभी सदस्यों का साथ मिलेगा। घूमने फिरने की योजना बना सकते हैं, जिससे पारिवारिक माहौल खुशहाल बना रहेगा। आज कोई मित्र मिलने घर आ सकता है, उससे निजी समस्याओं को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा। नौकरी हैं, तो अनुकूल स्थान पर ट्रांसफर हो सकता है।

कन्या राशि–आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। दांपत्य जीवन में भरपूर मधुरता बनी रहेगी, आप अपने परिवार के बीच सुखद समय व्यतीत करेंगे। खाद्य तथा घरेलू चीजों पर आज खर्चे हो सकते हैं। आज आप बच्चों को पार्क में ले जाएंगे, उनके साथ आप भी आनंद मनाएंगे। आपको रोजगार के उचित अवसर मिलने की संभावना बन रही है, शुभ समाचार मिल सकते हैं।

तुला राशि– आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आपका आत्मविश्वास कार्यस्थल पर दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। आज गलत राह पर ले जाने वाले लोगों से सतर्क रहे , बुद्धि और विवेक का सहारा लें और जल्दीबाजी में कोई भी निर्णय ना लें।

वृश्चिक राशि–आज आपकी सृजनशील प्रवृत्ति कार्यस्थल पर आपको सम्मान दिलाएगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से किसी आर्थिक समस्या का समाधान खोज लेंगे, जिससे आपकी कंपनी को दोगुना लाभ होगा।

धनु राशि–आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको तरक्की के नए साधन मिलेंगे। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बनाएगी। आज आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में तरक्की सामान्य रूप से बनी रहेगी। दांप्तय रिश्ते में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिए आज का दिन बढिया है।

मकर राशि–आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आप नवीन विचारों से अपने नए दिन की शुरुआत करेंगे। यात्रा के योग बन रहें हैं। परिवार के साथ किसी रमणीय स्थल पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपका मन आज सामाजिक तथा राजनीतिक कार्यों में लगा रहेगा।

कुंभ राशि–आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बन जाएगा। आज ऑफिस का काम समय से पहले पूरा हो जाने से आप घर वालों के साथ समय व्यतीत करेंगे।

मीन राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। आज आप बहुत प्रसन्न रहेंगे। घर में संतान के रूप में लक्ष्मी का आगमन होगा। इस उपलक्ष्य पर घर में बधाई देने लोगों का आना–जाना लगा रहेगा। मित्रों के साथ बाहर मौसम का आनंद लेंगे।

# चण्डीगढ़ प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की सुप्रीम चाबुक

अजय दीक्षित

चण्डीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश है । क्योंकि यह बहुत छोटा सा एक नगर का क्षेत्र है, यहां अन्य केन्द्र शासित प्रदेशों की भांति लेफ्टिनेंट गवर्नर न होकर एक प्रशासक है । पंजाब के गवर्नर को ही चण्डीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है । चण्डीगढ़ में एक नगर निगम है, इसके अध्यक्ष के लिए चुनाव में इस बार कांग्रेस और अन्य पार्टी ने समझौता किया । अन्यथा भाजपा के वोट इन दो पार्टियों के अलग–अलग कम थे और चुनावी स्थिति में भाजपा का प्रत्याशी ही मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के तीनों पदों पर जीत जाता । कांग्रेस और आप का प्रत्याशी और डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी खड़े होंगे । चण्डीगढ़ कॉरपोरेशन के चुनाव की जिम्मेदारी चण्डीगढ़ प्रशासन की है । पहले जनवरी 2024 में कोई तिथि चुनाव के लिए निर्धारित हुई । उस दिन रिटर्निंग ऑफिसर ने बीमारी का बहाना बनाकर चुनाव को टलवा दिया । कोई नई तारीख निर्धारित नहीं हुई । फिर आप पार्टी पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट गई और उसकी पहल से 16 जनवरी की तारीख तय हुई । रिटर्निंग ऑफिसर एक ऐसे व्यक्ति को बनाया गया जो भाजपा के माइनॉरिटी सेल का पदाधिकारी था । इससे भाजपा, आप और कांग्रेस को सचेत हो जाना चाहिए था । चण्डीगढ़ प्रशासन में किसी आई.ए.एस. अधिकारी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाना चाहिए था । जिस भाजपा के कार्यकर्ता को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया वह चुनाव के दिन डेढ़ घण्टे देर से पहुंचा । फिर हंगामे के बीच चुनाव हुआ । और रिटर्निंग ऑफिसर ने आपके पक्ष के आठ वोट निरस्त करते हुए भाजपा उम्मीदवार को जीता हुआ घोषित कर दिया । भाजपा की इस जीत पर भाजपा के दिल्ली में बैठ बड़े–बड़े लोगों से जश्न मनाया । गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के मेयर को बधाई दी । भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद किया । आप के हारे प्रत्याशी ने अन्ततरू सुप्रीम कोर्ट की शरण ली । वहां 16 फरवरी और 20 फरवरी को सुनवाई हुई । सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और दो अन्य न्यायाधीशों ने स्वयं मत पत्रों की जांच की और आप का प्रत्याशी को विजयी घोषित कर दिया और रिटर्निंग ऑफिसर पर सख्त टिप्पणी की । कोर्ट में झूठ बोलने पर उसके खिलाफ पार्जरी का मुकदमा भी चलेगा । अब इस केस की मुख्य बातें समझ लें । रिटर्निंग ऑफिसर के लिए वकील चंडीगढ़ प्रशासन ने नहीं किया । उसने कोई निजी वकील भी नहीं किया । उसके लिए भारत के सॉलिसिटर जनरल ने पैरवी की । अब यह तो केन्द्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी के बिना नहीं हो सकता । भाजपा अध्यक्ष नड्डा जी ने भाजपा के प्रत्याशी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई दी थी । स्वयं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के मेयर को बधाई दी थी । क्यों कि कुछ चुनावी प्रक्रिया कमरे में कैद थी, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने तथाकथित आठ इनवेलिड वोटों को वैध माना । सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि फिर से चुनाव कराए जाएं । सुप्रीम कोर्ट में जब कहा गया कि हॉर्स ट्रेडिंग शुरू हो गई है तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम भी अखबार पढ़ते हैं । असल में क्योंकि इण्डिया का दो पार्टियों द्वारा मिलकर यह एक संयुक्त प्रयास था, इसी से लगता है कि भाजपा इस प्रयास को असफल करना चाहती थी । भाजपा के प्रवक्ताओं का कहना था कि चुनाव याचिका चुनाव आयोग या सम्बन्धित हाईकोर्ट में चलती है । जहां फैसला आते–आते पांच साल लग जाते हैं और कार्यकाल समाप्त हो जाता है । सुप्रीम कोर्ट ने अपने कीमती दो दिन इस प्रकरण को देकर स्वयं फैसला देकर आप का प्रत्याशी को मेयर घोषित कर दिया । इससे पहले वह केन्द्र सरकार को चुनावी बॉड को लेकर भी घिर चुकी है । अब अंतिम बात सुन लें । संभव में कलि अवतार के लिए मंदिर का शिलान्यास करते हुए मोदी जी ने कहा कि सुदामा ने कृष्ण को कुछ भी भेंट नहीं किया । आज यदि सुदामा ने कृष्ण को कुछ भेंट किया होता तो कोई वीडियो बना लेता और फिर उच्चतम कोर्ट इसे रिश्वत की संख्या घोषित कर देती ।

आप स्वयं समझ लें कि यह टिप्पणी किस प्रसंग को ध्यान में रखकर कही गई होगी ।

# संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर प्रियंका वाड्रा को गुस्सा क्यों नहीं आया ?

संदेशखाली में पीड़ित हिंदू दलित महिलाएं हैं और आरोपी मुस्लिम तृणमूल कांग्रेस का नेता। ऐसे में संदेशखाली में पीड़िताओं के साथ खड़े होने से कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति प्रभावित होती है। इसलिए संदेशखाली पर मुंह बंद करके बैठना कांग्रेस की राजनीति को मुफीद लगता है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भाजपा शासित राज्यों में महिला उत्पीड़न के मामलों को जोर शोर से उठाती हैं। प्रियंका ने यूपी के हाथरस मामले को जोर–शोर से उठाया था। 1 अक्टूबर 2020 को जब प्रियंका गांधी दिल्ली से हाथरस पीड़िता के परिवार से मिलने जा रही थीं तो पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के पास उनका काफिला रोक दिया था। तब उन्होंने मीडिया से कहा कि उनकी भी बेटी है, इसलिए एक मां के नाते उन्हें ऐसी घटनाओं से बहुत गुस्सा आता है। प्रियंका ने उन्नाव दुष्कर्म कांड को लेकर योगी सरकार पर जमकर सवाल उठाए थे। इस मामले में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक तो मामला भाजपा शासित राज्य का था, दूसरा आरोपों के घेरे में बीजेपी विधायक था। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए पूछा था कि, सरकार को बताना चाहिए कि वो महिलाओं के साथ है या अपराधियों के? 21 जनवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर जिले में एक किशोरी की हत्या का मामला सामने आया था। परिजनों का आरोप था कि किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या की गई। प्रियंका गांधी 3 फरवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर पहुंचीं, जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। 4 फरवरी, 2024 को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर प्रियंका गांधी ने उप्र के बांदा में एक जज की मौत के मामले को उठाने में देरी नहीं की और प्रदेश सरकार पर जमकर अपनी भड़ास भी निकाली। एक जिम्मेदार नेता और नागरिक के नाते प्रियंका का महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और अत्याचार पर मुखरता काबिले तारीफ है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि प्रियंका गांधी की सारी सक्रियता भाजपा या एनडीए शासित राज्यों में ही क्यों दिखाई देती है। उन्हें क्यों भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर ही गुस्सा आता है? उन्हें कांग्रेस शासित और गैर भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार उन्हें उद्वेलित और क्रोधित नहीं करते?

# 2.5 करोड़ देकर यूएई की जेल में बंद 900 भारतीयों को छुड़वाया, दुनिया में हो रही तारीफ, कौन हैं अरबपति फिरोज मर्चेंट?



प्योर गोल्ड ज्वैलर्स के 66 वर्षीय मालिक फिरोज मर्चेंट ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों को 1 मिलियन दिरहम का दान दिया। वह दुबई में स्थित है। फिरोज मर्चेंट के कार्यालय ने कहा, यह रमजान से पहले विनम्रता, मानवता, क्षमा और दयालुता का संदेश है। भारतीय व्यवसायी और परोपकारी व्यक्ति ने 2024 की शुरुआत से खाड़ी देश की जेलों से 900 कैदियों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए 1 मिलियन दिरहम (लगभग 2.5 करोड़ रुपये) का दान दिया। उनका लक्ष्य इस वर्ष 3,000 कैदियों को रिहा कराना है। प्योर गोल्ड ज्वैलर्स के 66 वर्षीय मालिक फिरोज मर्चेंट ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों को 1 मिलियन दिरहम का दान दिया। वह दुबई में स्थित है। फिरोज मर्चेंट के कार्यालय ने कहा, यह रमजान से पहले विनम्रता, मानवता, क्षमा और दयालुता का संदेश है। उनके कार्यालय के बयान में कहा गया है कि दुबई स्थित प्रमुख भारतीय व्यवसायी और प्योर गोल्ड के परोपकारी फिरोज मर्चेंट ने अरब देश की जेलों से 900 कैदियों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए करीब 2.25 करोड़ (एईडी 1 मिलियन) का दान दिया है। मर्चेंट अपनी श्द फॉरगॉटन सोसाइटीश पहल के लिए जाने जाते हैं, 2024 की शुरुआत से पहले ही 900 कैदियों की रिहाई की सुविधा प्रदान कर चुके हैं। मागल्फ न्यूज पोर्टल के अनुसार, इसमें अजमान के 495 कैदी, फुजैरा के 170 कैदी, दुबई के 121 कैदी, उम्म अल क्वैन के 69 कैदी और रास अल खैमा के 28 कैदी शामिल हैं। खाड़ी में रहने वाले तेलुगु समुदाय के लिए एक ऑनलाइन समाचार पोर्टल, मैगल्फ के अनुसार, मर्चेंट ने उनके कर्ज का भुगतान भी किया और उन्हें घर लौटने के लिए हवाई किराया भी प्रदान किया, जिसका लक्ष्य परिवारों को फिर से एकजुट करना और जीवन में दूसरा मौका देना था। 2024 के लिए उनका लक्ष्य 3,000 से अधिक कैदियों को मुक्त कराने में मदद करना है।

# मुस्लिम देश भारत पर कर रहे तोहफों की बारिश, सऊदी अरब के बाद यूईए ने ले लिया ये खास फैसला



एक साल पहले की अवधि में शहर ने भारत से 1.84 मिलियन पर्यटकों की मेजबानी की थी, जबकि 2019 में 1.97 मिलियन आगंतुकों का स्वागत किया। सऊदी की ओर से 96 घंटे के फ्री वीजा का ऐलान किया गया है। वहीं दुबई ने भारत और खाड़ी देश के बीच यात्रा को बढ़ावा देने के लिए पांच साल का बहु–प्रवेश वीजा शुरू किया है। पिछले साल, 2.46 मिलियन भारतीयों ने दुबई का दौरा किया, जो कि कोविड–19 महामारी से पहले के युग से 25 प्रतिशत अधिक है। 22 फरवरी को नवीनतम डीईटी डेटा के अनुसार, इस आंकड़े ने साल–दर–साल 34 प्रतिशत की असाधारण वृद्धि के साथ भारत को नंबर एक स्रोत बाजार बना दिया है। एक साल पहले की अवधि में शहर ने भारत से 1.84 मिलियन पर्यटकों की मेजबानी की थी, जबकि 2019 में 1.97 मिलियन आगंतुकों का स्वागत किया। पात्र भारतीय नागरिक अब पांच साल तक दुबई में एकाधिक प्रविष्टियों की सुविधा का आनंद ले सकते हैं, जिसमें प्रत्येक बार 90 दिनों तक रहने की अनुमति है। इस वीजा को समान अवधि के लिए एक बार बढ़ाया जा सकता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि एक वर्ष के भीतर कुल प्रवास 180 दिनों से अधिक न हो। वीजा–जारी करने की प्रक्रिया उल्लेखनीय रूप से कुशल है, सेवा अनुरोध प्राप्त करने और स्वीकार करने के दो से पांच कार्य दिवसों के भीतर आवेदनों पर कार्रवाई की जाती है। वीजा के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, आवेदकों को विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, जिसमें पिछले छह महीनों के दौरान 4,000 डॉलर या विदेशी मुद्रा में इसके बराबर का बैंक बैलेंस होना और संयुक्त अरब अमीरात में लागू वैध स्वास्थ्य बीमा कवरेज शामिल है। डीईटी ने कहा कि इस पहल के माध्यम से, पर्यटक कई प्रवेश और निकास का लाभ उठा सकते हैं, जिससे व्यावसायिक गतिविधियों, अवकाश यात्रा और निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए परिचालन लचीलापन प्रदान किया जा सकता है।

# इमरान खान पर एक और मुसीबत, पाक की अदालत ने भष्ट्राचार के नए मामले में बुशरा को भी पाया दोषी



जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में खान और बुशरा की उपस्थिति में आरोप पत्र पढ़ा। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के उप अभियोजक सरदार मुजफ्फर अब्बासी भी अपनी टीम के साथ अदालत में पेश हुए। पाकिस्तानी अदालत ने मंगलवार को पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को उनके प्रधानमंत्री पद के दौरान कथित तौर पर रिश्वत के रूप में जमीन लेने के आरोप में दोषी ठहराया। 71 वर्षीय खान अन्य मामलों के सिलसिले में अगस्त से जेल में हैं और पहले आरोपों से इनकार कर चुके हैं। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने आज अदियाला जेल में सुनवाई की, जहां पीटीआई संस्थापक वर्तमान में तोशाखाना, सिफर और अवैध विवाह मामलों में कैद हैं। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में खान और बुशरा की उपस्थिति में आरोप पत्र पढ़ा। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के उप अभियोजक सरदार मुजफ्फर अब्बासी भी अपनी टीम के साथ अदालत में पेश हुए।एनएबी ने अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहर भूमि के कथित अधिग्रहण के संबंध में इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान हुआ था। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किये जायेंगे। न्यायाधीश ने पीटीआई संस्थापक के खिलाफ आरोप तय करते समय उनसे पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इस पर खान ने कहा कि जब मैं जानता हूं कि इसमें क्या लिखा है तो मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए? खान और उनकी पत्नी दोनों ने तब अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था। इस समय, खान मंच पर आए और कहा कि वे इस मामले में देरी नहीं चाहते हैं। एनएबी 8 फरवरी से पहले जल्दी में थी, अब हम जल्द सजा चाहते हैं। इसके बाद न्यायाधीश ने पूछा कि क्या उन्होंने अपने दांतों की जांच कराई है, जिस पर पीटीआई संस्थापक ने नकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि उन्हें बताया गया था कि डॉक्टर रविवार को जेल का दौरा करेंगे।

# अब राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने फंसाया नया पेंच, पैदा हो सकता है संवैधानिक संकट, भिड़े इमरान और नवाज



राष्ट्रपति ने कहा है कि वह आरक्षित सीटें आवंटित करना चाहते हैं, लेकिन सत्र में देरी करना संविधान के खिलाफ है। संविधान के साथ खिलवाड़ करना अच्छी मिसाल नहीं है। इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में पीएमएल–एन के शीर्ष नेता सीनेटर इशाक डार ने कहा कि राष्ट्रपति अल्वी एक बार फिर संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। संविधान में स्पष्ट है कि चुनाव के 21 दिनों के भीतर नेशनल असेंबली सत्र बुलाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति 26, 27 और 28 फरवरी को सत्र बुला सकते थे। पूर्व वित्त मंत्री डार ने सदन पूरा नहीं होने पर राष्ट्रपति की आपत्ति की आलोचना की और कहा कि स्पीकर को केवल उस सत्र में उपस्थित सदस्यों को शपथ दिलानी है। राष्ट्रपति ने कहा है कि वह आरक्षित सीटें आवंटित करना चाहते हैं, लेकिन सत्र में देरी करना संविधान के खिलाफ है। संविधान के साथ खिलवाड़ करना अच्छी मिसाल नहीं है। राष्ट्रपति अल्वी का नेशनल असेंबली सत्र में बाधा डालना बिल्कुल सही पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने नेशनल असेंबली सत्र नहीं बुलाने के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी के फैसले को बिल्कुल उचित बताया। पार्टी के संस्थापक ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी ने आम चुनाव जीता है लेकिन उसे आरक्षित सीटें नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 9 मई का इस्तेमाल पार्टी को खत्म करने के लिए किया गया। पार्टी उत्पीड़न के कारण खत्म नहीं हुई बल्कि सबसे मजबूत पार्टी बन गई। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखने की भी बात कही, जिसे उन्होंने श्देशद्रोहश्श बताया है। मैं जेल से बाहर कुछ भी नहीं लिख सकता। मैंने आईएमएफ के लिए पत्र लिख दिया है। उन्होंने तब से पार्टी नेताओं से नहीं मिल पाने पर अफसोस जताते हुए कहा। आज पार्टी नेताओं के साथ परामर्श के बाद आईएमएफ को एक पत्र भेजा जाएगा। खान ने फंड को लिखे अपने पत्र में कहा, वह लिखेंगे कि राजनीतिक स्थिरता के बिना आर्थिक स्थिरता नहीं आ सकती। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी की तरफ झुकाव रखने वाले अल्वी 2018 में राष्ट्रपति बने थे। राष्ट्रपति बनने से पहले वो जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सीनियर लीडर थे।

खबर में कहा गया है कि राष्ट्रपति के इनकार के बाद नेशनल असेंबली के निवर्तमान

स्पीकर राजा परवेज अशरफ ने 29 फरवरी को संसद के निचले सदन का सत्र बुलाने का फैसला किया है।

# अरबी ड्रेस वाली महिला को गुस्साई भीड़ से बचाया, पाकिस्तान की पुलिस अफसर को मिलेगा मेडल



घटना के बारे में स्थानीय मीडिया से बात करते हुए शेहर बानो ने कहा कि उन्हें और उनकी टीम को लाहौर के कपड़ा बाजार (इछरा बाजार) में भीड़ से घिरी एक महिला की रिपोर्ट मिली थी, जिसने उस पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान के लाहौर की पुलिस अधिकारी शेहर बानो ने एक महिला को गुस्साई भीड़ से बचाया। उन्होंने कहा कि लोगों को कार्रवाई करने से पहले हमेशा तथ्यों को देखना चाहिए। पंजाब पुलिस ने कायद–ए–आजम पुलिस पदक के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। घटना के बारे में स्थानीय मीडिया से बात करते हुए शेहर बानो ने कहा कि उन्हें और उनकी टीम को लाहौर के कपड़ा बाजार (इछरा बाजार) में भीड़ से घिरी एक महिला की रिपोर्ट मिली थी, जिसने उस पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था।उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचने पर हमने महिला को एक भोजनालय के अंदर पाया, जो भीड़ से घिरी हुई थी। पुलिसकर्मी ने कहा कि आउटलेट तक पहुंचना एक चुनौती थी क्योंकि सड़कें भीड़भाड़ वाली थीं, हमें यह भी डर था कि भीड़ उस दुकान में आग लगा सकती है जहां महिला मौजूद थी। शहर बानो ने कहा कि दुकान से महिला को बचाना एक और चुनौती थी क्योंकि भीड़ कभी भी उस पर हमला कर सकती थी। अधिकारी ने उन लोगों के बारे में भी बात की जो दूसरों पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हैं और कहा कि हमें हमेशा पहले जांच करनी चाहिए। लोग आहत हो सकते हैं और कोई आरोपी भी हो सकता है, लेकिन हमें कार्रवाई करने से पहले जांच करनी चाहिए।महिला पर ईशनिंदा का आरोप लगाया गया था क्योंकि गुस्साई भीड़ ने उसकी पोशाक पर छपी अरबी सुलेख को कुरान की आयतें समझ लिया था। भीड़ ने महिला को घेर लिया और उससे अपने कपड़े उतारने की मांग की। घटना के बाद, पुलिसकर्मी ने कहा कि अधिक लोग वहां इकट्ठा होने लगे और दुकानदार से लड़की को उन्हें सौंपने की मांग करने लगे। दुकानदार ने उसे दुकान में आश्रय दिया और आरोपी भीड़ को सूचित किया कि यह सिर्फ एक अरबी सुलेख प्रिंट था क्योंकि लड़की और इस्लाम धर्म और कुरान की पवित्र आयतों का अपमान नहीं किया है।

# आमने–सामने होंगे ट्रंप और बाइडन, यूएस मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे दोनों प्रतिद्वंद्वी नेता



प्रतिद्वंद्वी टेक्सास में सीमा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के लिए तैयार हैं, जो अमेरिकियों के चुनाव में जाने से आठ महीने से भी कम समय पहले एक उल्लेखनीय स्प्लिट–स्क्रीन क्षण स्थापित करेगा। अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन होगा? पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडेन आप्रवासन मतदाताओं का दिल जीतने की होड़ में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प दोनों शेड्यूल के एक हाई–प्रोफाइल टकराव में यूएस–मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे। वे 2024 के चुनाव में सबसे गर्म मुद्दों में से एक आप्रवासन पर मतदाताओं का दिल जीतने की होड़ में हैं। बाइडेन ने कांग्रेस पर अपने सुधारों का समर्थन करने में विफल रहने का आरोप लगाकर अपने पुनर्निर्वाचन अभियान के लिए एक बड़े खतरे को कम करने की कोशिश की है। ट्रम्प के लिए कठोर आप्रवासन विरोधी रुख वर्षों से उनकी राजनीतिक पहचान का केंद्र रहा है। उन्होंने व्हाइट हाउस में वापसी की मांग करते हुए बार–बार मेक्सिको से क्रॉसिंग पर रोक लगाने की कसम खाई है। प्रतिद्वंद्वी टेक्सास में सीमा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के लिए तैयार हैं, जो अमेरिकियों के चुनाव में जाने से आठ महीने से भी कम समय पहले एक उल्लेखनीय स्प्लिट–स्क्रीन क्षण स्थापित करेगा। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन–पियरे ने तब टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जब ट्रंप के अधिकारियों ने बिना किसी सबूत के दावा किया कि ट्रंप की यात्रा की घोषणा के बाद बाइडेन ने जल्दबाजी में अपनी यात्रा की योजना बनाई थी। प्रवासियों का मुद्दा 2024 के चुनाव में सबसे गर्म मुद्दों में से एक बना हुआ है। हर साल अमेरिका में रिकॉर्ड संख्या में प्रवासी अवैध रूप से प्रवेश करते हैं। इसको लेकर बाइडेन ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है। वहीं ट्रंप हमेशा से कठोर आप्रवासन विरोधी रुख अपनाए हैं। उन्होंने वादा किया है कि अगर वो सत्ता में वापस लौटे तो मैक्सिको से क्रॉसिंग पर रोक लगाएंगे।

# कनाडा में भारतीय राजनयिकों को डराया–धमकाया गया, जयशंकर बोले– खालिस्तानियों पर कार्रवाई..



सितंबर 2023 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की श्संभावितश भागीदारी के आरोप लगाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करना अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय राजनयिकों को कनाडा में एक से अधिक तरीकों से परेशान किया गया और उस समय जस्टिन ट्रूडो सरकार से उन्हें बहुत कम मदद मिली, जिसके कारण भारत को कनाडा में वीजा जारी करना निलंबित करना पड़ा। सितंबर 2023 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की श्संभावितश भागीदारी के आरोप लगाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करना अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। भारत और कनाडा के बीच तनाव के कारण उस समय भारतीय राजनयिकों को कनाडा में खतरों का सामना करना पड़ा। कनाडा के लिए वीजा सेवाएँ कई सप्ताह बाद फिर से शुरू की गईं। हमें कनाडा में वीजा जारी करना निलंबित करना पड़ा क्योंकि हमारे राजनयिक काम पर जाना सुरक्षित नहीं थे। हमारे राजनयिकों को बार–बार धमकी दी गई। जयशंकर ने टीवी9 नेटवर्क द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, उन्हें कई तरह से डराया गया और हमें कनाडाई प्रणाली से बहुत कम आराम मिला। विदेश मंत्री ने कहा कि यह उस स्तर पर पहुंच गया जहां वह एक मंत्री के रूप में उस समय कनाडा में प्रचलित हिंसा के लिए राजनयिकों को उजागर नहीं कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि तब से स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि हम उस स्थिति में पहुंच गए जब एक मंत्री के रूप में मैं राजनयिकों को उस तरह की हिंसा में उजागर करने का जोखिम नहीं उठा सकता था जो उस समय कनाडा में स्पष्ट रूप से प्रचलित थी। इसके उस हिस्से को ठीक कर दिया गया है. आज, हमारा वीजा संचालन काफी हद तक सामान्य है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों को दी गई जगह के बारे में पूछे जाने पर, जयशंकर ने कई उदाहरणों का हवाला दिया जब उत्तरी अमेरिकी देश में भारतीय मिशनों में धुआं बम फेंके गए थे। जयशंकर ने कहा कि दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों पर धुआं बम फेंकना, एक मित्र राज्य के खिलाफ हिंसा और अलगाववाद की वकालत करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि इन हमलों में शामिल दोषियों को सजा दी जानी चाहिए। हालाँकि, यह पहली बार नहीं है कि भारत ने कनाडा में अलगाववादियों, आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों को जगह देने का मुद्दा उठाया है।

# ताइवान को घेरने की तैयारी कर रहा चीन? 5 तट रक्षक जहाज किनमेन के पास आए नजर



चीन के तट रक्षक ने इस महीने ताइवान–नियंत्रित किनमेन द्वीपों के आसपास नियमित गश्त शुरू की, जो चीन के तटों के करीब हैं, क्योंकि ताइवान के तट रक्षक से भागने की कोशिश कर रहे दो चीनी नागरिकों की नाव प्रतिबंधित जल में प्रवेश करने के बाद मौत हो गई।बीजिंग के साथ बढ़ते तनाव के बीच ताइवान के एक मंत्री ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि पांच चीनी तटरक्षक जहाज सोमवार को ताइवान के सीमावर्ती द्वीप किनमेन के आसपास निषिद्ध या प्रतिबंधित जल में प्रवेश कर गए। चीन के तट रक्षक ने इस महीने ताइवान–नियंत्रित किनमेन द्वीपों के आसपास नियमित गश्त शुरू की, जो चीन के तटों के करीब हैं, क्योंकि ताइवान के तट रक्षक से भागने की कोशिश कर रहे दो चीनी नागरिकों की नाव प्रतिबंधित जल में प्रवेश करने के बाद मौत हो गई। ताइवान के महासागर मामलों की परिषद के प्रमुख कुआन बी–लिंग ने संवाददाताओं से कहा कि चीनी नौकाएं ताइवान के तट रक्षक द्वारा उन्हें छोड़ने के लिए कहने के तुरंत बाद क्षेत्र से चली गईं।लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान, जिस पर चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है, पिछले महीने राष्ट्रपति के रूप में लाई चिंग–ते के चुनाव के बाद ताइपे पर दबाव बढ़ाने के बीजिंग के प्रयासों से सावधान है, बीजिंग एक ऐसे व्यक्ति को खतरनाक अलगाववादी मानता है। ताइवान के तट रक्षक ने कहा कि छह चीनी तट रक्षक अधिकारी पिछले सप्ताह 11 चालक दल और 23 यात्रियों को ले जा रही एक ताइवानी पर्यटक नाव की मार्ग योजना, प्रमाणपत्र और चालक दल के लाइसेंस की जांच करने के लिए उसमें सवार हुए और लगभग आधे घंटे बाद रवाना हुए।

# कभी कोई युद्ध न जीतने वाली फौज कभी कोई चुनाव नहीं हारी, फिर इस बार क्या बदला?

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के अपेक्षाकृत अस्पष्ट और युवा उम्मीदवारों के हाथों सत्ता–समर्थित पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज की हार एक अधिक लोकतांत्रिक मार्ग के लिए एक आशाजनक तस्वीर को दर्शाती है।पाकिस्तान के आम चुनाव नतीजों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है लेकिन कुछ विशिष्ट और महत्वपूर्ण विषय स्पष्ट हैं। एक संदेश चुनाव परिणामों से साफ निकलकर सामने आया है। पाकिस्तानी, विशेष रूप से युवा आबादी, राज्य तंत्र के पॉवर पॉलिटिक्स तरीकों का विरोध करते हैं और देश के सैन्य नेतृत्व का आंख मूंद कर समर्थन करने से इत्तेफाक रखते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के अपेक्षाकृत अस्पष्ट और युवा उम्मीदवारों के हाथों सत्ता–समर्थित पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज की हार एक अधिक लोकतांत्रिक मार्ग के लिए एक आशाजनक तस्वीर को दर्शाती है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के बीच गठबंधन बनने जा रहा है,।

# श्रेयस अय्यर पूरी तरह फिट, रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में मुंबई के लिए खेलेंगे

श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई के सेमीफाइनल मुकाबले में चयन के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। उनकी तरफ से ये फैसला पीठ की समस्याओं का हवाला देते हुए पिछले मैच से बाहर होने के बाद आया है। आखिरकार भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई के सेमीफाइनल मुकाबले में चयन के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। उनकी तरफ से ये फैसला पीठ की समस्याओं का हवाला देते हुए पिछले मैच से बाहर होने के बाद आया है। एनसीए ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि टीम इंडिया छोड़ने के बाद बल्लेबाज को कोई ताजा चोट नहीं लगी है और वह फिट है। वहीं टीओआई के एक सूत्र ने बताया कि, हां श्रेयस अय्यर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि वह अब फिट हैं और मुंबई के सेमीफाइनल मैच के लिए उपलब्ध हैं। बता दें कि, 2 मार्च से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024 सेमीफाइनल में मुंबई का मुकाबला तमिलनाडु से होगा। अय्यर ने



इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में 35, 13, 27 और 29 रन बनाए। इससे पहले कि उन्हें सीरीज से बचे बाकी मुकाबलों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। अय्यर पिछले 12 महीने से पीठ की ऐंठन से जूझ रहे हैं। साथ ही बल्लेबाज की पिछले साल मार्च में पीठ की सर्जरी हुई थी और वह पूरे आईपीएल 2023 और डब्ल्यूटीसी फाइनल से चूक गए थे। एशिया कप 2023 के लिए अय्यर की टीम में वापसी हुई लेकिन पीठ में ऐंठन के कारण उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया गया।

# इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स का बयान, कहा– हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं


बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट सीरीज में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3–1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान



और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई सीरीज गंवाई है। स्टोक्स ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि, 3–1 अच्छा नहीं लग रहा है लेकिन जिस तरह से हमने भारत को कड़ी चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है।'' उन्होंने कहा,''यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था लेकिन यहां तक कि आज (सोमवार) भी हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।''इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी कर दी थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। स्टोक्स ने कहा,''यह युवा और कम अनुभवी टीम पिछले दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था।''उन्होंने कहा कि, हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का कड़ा जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे प्रत्येक खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

# बाबर आजम ने ठोका शतक तो पेशावर जुल्मी के मालिक ने दे दी गिफ्ट में कार

कप्तान बाबर आजम को उनके 11वें टी20 शतक के बाद गिफ्ट देने की घोषणा की है। बाबर के शतक के बाद पेशावर जाल्मी ने गद्दाफी स्टेडियम में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ 201 का बड़ा स्कोर किया। जिसके बाद टीम के मालिक अफरीदी ने घोषणा कि है कि बाबर को एमजी एचएस एसेंस कार गिफ्ट में दी जाएगी। पेशावर जाल्मी के मालिक जावेद अफरीदी ने टीम के कप्तान बाबर आजम को उनके 11वें टी20 शतक के बाद गिफ्ट देने की घोषणा की है। बाबर के शतक के बाद पेशावर जाल्मी ने गद्दाफी स्टेडियम में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ 201 का बड़ा स्कोर किया। जिसके बाद टीम के मालिक अफरीदी ने घोषणा कि है कि बाबर को एमजी एचएस एसेंस कार गिफ्ट में दी जाएगी। अपने एक्स हैंडल पर अफरीदी ने खबर शेयर करते हुए कहा, बाबर आजम के लिए एमजी उपहार। वह एमजी एसेंस चलाने वाले पहले व्यक्ति होंगे। पाकिस्तान में निर्मित। बाबर आजम की इस ताबड़तोड़ पारी का मुख्य आकर्षण 18वां ओवर था, जहां उन्होंने युवा हुनैन शाह के खिलाफ आक्रामक रूप से चार चौके और एक छक्का लगाया।



## विराट कोहली आईपीएल नहीं खेलेंगे! पूर्व दिग्गज ने दिया बयान

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से जब पूछा गया कि क्या आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इस बार भी आईपीएल में धमाल मचाने के लिए बेताब दिखेंगे तो गावस्कर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि क्या वो खेलेंगे... कुछ कारणों से खेल नहीं रहे हैं, शायद हो सकता है कि आईपीएल के लिए भी ना खेलें।भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली कुछ दिन पहले दूसरी बार पिता बने हैं। विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में ना खेलने का फैसला इसी लिए लिया था, जिससे वह अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ समय बिता सके। विराट के निजी कारणों से बाहर रहने पर बीसीसीआई ने भी उनके निर्णय का सम्मान किया था। वहीं अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को आशंका है कि विराट कोहली आईपीएल के आगामी सीजन से भी दूर रह सकते हैं। आईपीएल 2024 के पहले 15 दिन का शेड्यूल जारी हो चुका है। पहला मैच विराट कोहली कि आरसीबी और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 22 मार्च को खेला जाएगा। बता दें कोहली को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए पहले टीम इंडिया में चुना गया था, लेकिन बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से जब पूछा गया कि क्या आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट

# आईपीएल 2024 के लिए तैयार हैं पंत जिम में जमकर बहा रहे पसीना

लगभग 15 महीने बाद मैदान पर वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने भी तैयारी शुरु कर दी हैं। वह समय–समय पर सोशल मीडिया पर जिम वाले वीडियो फैंस के संग शेयर करते हैं। जिस पर फैंस भी उन पर ढेर सारा प्यार लुटाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो पंत ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ी और फैंस दोनों ही जमकर तैयारी कर रहे हैं। वहीं लगभग 15 महीने बाद मैदान पर वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने भी तैयारी शुरु कर दी हैं। वह समय–समय पर सोशल मीडिया पर जिम वाले वीडियो फैंस के संग शेयर करते हैं। जिस पर फैंस भी उन पर ढेर सारा प्यार लुटाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो पंत ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। लंबे समय बाद पंत मैदान पर लौटने के लिए तैयार बैठे हैं।



वह आईपीएल 2024 में खेलते नजर आएंगे। इससे पहले वह खुद को पूरी तरह तैयार कर रहे हैं और जिम में जमकर पसीना भी बहा रहे हैं। पंत ने जो वीडियो में हाल ही में शेयर किया है उसमे वह अलग–अलग तरह की कई एक्सरसाइज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने खास तरह का मास्क भी पहना हुआ है। वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे अब तक 50 हजार से अधिक लोग लाइक कर चुके हैं और 3 मिलियन से अधिक लोग इसे देख चुके हैं।

## नामीबिया के जान निकोल लाफ्टी ने इतिहास रचा, नेपाल के खिलाफ टी20 मैच में 33 गेंदों में जड़ा शतक

मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी–ईटन ने नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी–ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था।नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी–ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के पहले



मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी–ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी–ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और आठ छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। बाइस साल के लॉफ्टी–ईटन ने अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है।लॉफ्टी–ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली जिससे नामीबिया ने चार विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई।दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर चार विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मोहम्मद शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

मोहम्मद शमी ने सोमवार को लंदन में एड़ी में एकिलीज टेंडन सर्जरी करवाई है। वहीं शमी की अच्छी हेल्थ की कामना पीएम मोदी ने भी की है। साथ ही उन्हें हिम्मत भी बंधाई है। साथ ही कहा जा रहा है कि, शमी अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे।टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की चोट से परेशान थे। जिसके बाद उन्होंने सोमवार को लंदन में एड़ी में एकिलीज टेंडन सर्जरी करवाई है। इसके बाद शमी ने सोशल मीडिया पर सर्जरी की तस्वीरें शेयर की हैं। जिसके बाद उन्होंने लिखा कि रिकवरी में कुछ समय



लगेगा। लेकिन फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का इंतजार है वहीं शमी की अच्छी हेल्थ की कामना पीएम मोदी ने भी की है साथ ही उन्हें हिम्मत भी बंधाई है। बता दें कि, शमी ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। वर्ल्ड कप के दौरान शमी एड़ी की चोट से जूझने के बावजूद खेले थे और भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका भी निभाई थी। वर्ल्ड कप 2023 में शमी ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए थे। इसके अलावा रिकवरी में देरी के कारण वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं। वहीं पीएम मोदी ने 'एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस के कारण जल्द ही इस चोट से उबर जाएंगे।

# तुषार देशपांडे और तनुष कोटियन ने रणजी ट्रश्नफी में मचाया धमाल, महारिकार्ड किया अपने नाम

मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी तनुश कोटियन और तुषार देशपांडे ने इतिहास रच दिया। इन दोनों बल्लेबाज ने नंबर 10 और नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। 337ध्9 के स्कोर से आगे खेलते हुए कोटियन (120) और तुषार देशपांडे (123) की जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए मिलकर 232 रन जोड़े।हाल ही में रणजी ट्रॉफी में कुछ ऐसा देखने को मिला, जो कि अभी तक के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था। मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी तनुश कोटियन और तुषार देशपांडे ने इतिहास रच दिया। इन दोनों बल्लेबाज ने नंबर 10 और नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है 337 9 के स्कोर से आगे खेलते हुए कोटियन (120) और तुषार देशपांडे (123) की जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए मिलकर 232 रन जोड़े। इस बीच, ये दोनों बल्लेबाजों के लिए एफसी के पहले शतक थे। एक बार में एक साथ शतक बनाने वाली एकमात्र अन्य नंबर 10 और 11 जोड़ी चंदू सरवटे और शुट बनर्जी की थी, जिन्होंने 1946 में ओवल में इंडियंस के लिए सरे के खिलाफ ये कारनामा किया था। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, कोटियन–देशपांडे आखिरी विकेट के लिए 200 से ज्यादा की साझेदारी दर्ज करने वाली तीसरी भारतीय जोड़ी बन गई है। वहीं दूसरी ओर, देशपांडे 11वें नंबर पर शतक बनाने वाले केवल तीसरे भारतीय हैं। जहां तक मुंबई और बड़ौदा के बीच मैच का सवाल है, उनकी पारी 569 पर समाप्त हुई, जिससे 606 का असंभव लक्ष्य मिला।



# धूप के प्रकोप से बेजान हो गए होंठ? आराम देंगी घर पर बनीं ये लिप बाम

त्वचा की देखभाल के लिए तो हम सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन होंठ सूरज के प्रकोप से नहीं बच पाते। हमारे होंठ सूरज की किरणों के कारण रूखे और बेजान होने लगते है।धूप से क्षतिग्रस्त होंठ लाल, सूजे हुए दिखते हैं और छूने पर दर्द करते हैं। होंठों की देखभाल के बिना इनके संक्रमित होने का खतरा भी रहता है।आप कोमल–नमी युक्त होंठों के लिए घर पर ये 5 कारगर लिप बाम बना सकते हैं।



एलोवेरा लिप बाम

एलोवेरा का पौधा अपने ठंडक पहुंचाने वाले गुणों के लिए जाना जाता है। आप इससे एक आरामदायक अहसास देने वाला लिप बाम बना सकते हैं।एक कटोरे में नारियल तेल, शिया बटर और मोम के छर्रों को लेकर ओवन में रखकर पिघला लें। ओवन से बाहर निकालकर इसमें एलोवेरा जेल और विटामिन–श्व का तेल डालकर अच्छी तरह मिला लें।मिश्रण को लिप बाम कंटेनर में डालें और उपयोग करने से पहले इसे ठंडा होकर जमने दें।

शहद लिप बाम

शहद होंठों को नमी और एक्सफोलिएशन प्रदान करता है। इसका लिप बाम फटे होंठों को भी ठीक कर सकता है।शहद का लिप बाम बनाने के लिए मोम के छर्रों और बादाम के तेल को ओवन में या गैस पर पिघला लें। अब इसमें शहद और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल मिलाएं।मिश्रण को कंटेनर में रखकर ठंडा होने पर लगाएं। अगर आपके होंठों पर काले दाग पड़ रहे हैं तो यह कुछ समस्याओं के कारण हो सकता है।

कोको बटर लिप बाम

कोको बटर एक इमोलिएंट है, जो प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट का स्रोत है। यह होंठों पर एक सुरक्षात्मक हाइड्रेटिंग परत जोड़ता है, जो उन्हें अत्यधिक तापमान और गर्मी से बचाने में मदद करता है।इसका लिप बाम बनाने के लिए कोको बटर, नारियल तेल और जोजोबा तेल को एक साथ पिघला लें। अब इसे आंच से हटाकर इसमें विटामिन–श्व तेल और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल मिलाएं।मिश्रण को लिप बाम कंटेनर में डालें और उपयोग करने से पहले इसे जमने दें।

संतरे का लिप बाम

संतरा हमारे होंठों को चमकदार और नर्म बनाने में मदद करता है। इससे होंठों का कालापन हटाया जा सकता है। संतरे का लिप बाम बनाना आसान है।एक पैन में थोड़ा शिया बटर और मोम डालें और इसे पिघलने दें। मिश्रण में नारियल तेल को अच्छी तरह हिलाएं। इसे आंच से उतारकर इसमें थोड़ा सा संतरे का एसेंशियल ऑयल डालें।मिश्रण को ठंडा होने पर इस्तेमाल करें। आप होठों को खूबसूरत बनाने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी लिप बाम

लिप बाम में स्ट्रॉबेरी डालना फायदेमंद है क्योंकि यह धूप की क्षति से लडने में मदद करती है और विटामिन–सी और एंटीऑक्सीडेंट से काले होंठों को हल्का करती है।इसे बनाने के लिए नारियल तेल, शिया बटर और मोम के छर्रे पिघला लें। अब इसमें थोड़ा सा कोको बटर डालकर अच्छी तरह मिलाएं।इसे आंच से उतारकर इसमें स्ट्रॉबेरी का एसेंशियल ऑयल डालकर मिलाएं। अब इसे एक कंटेनर में जमने के

# पैसिव स्मोकिंग से शरीर को होती हैं कई हानियां, सिगरेट पीने वालों से बनाएं दूरी

सभी जानते हैं कि धूम्रपान करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसके साथ ही पैसिव स्मोकिंग (धूम्रपान करने वालों के बीच रहकर न चाहते हुए भी धुएं का सेवन करना) भी आपको नुकसान पहुंचा सकती हैपैसिव स्मोकिंग तब होती है, जब ध् ाूम्रपान न करने वाले लोग ध् ाूम्रपान करने वालों द्वारा छोड़े गए धुएं को सांस लेते वक्त अंदर लेते हैं। इस कारण शरीर को इन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



फेफड़े का कैंसर

अध्ययनों से पता चलता है कि पैसिव स्मोकिंग करने वालों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा अधि ाक होता है।दूसरों के धूम्रपान करते वक्त नाक में गए धुएं में बेंजीन और फॉर्मेल्डिहाइड सहित कई पदार्थ होते हैं, जो फेफड़ों की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं।ये फेफड़ों की कार्यप्रणाली को भी बिगाड़ सकते हैं। पैसिव स्मोकिंग से फेफड़ों की कार्यक्षमता खराब हो सकती है, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।

हृदय रोग

पैसिव स्मोकिंग हृदय को भी हानि पहुंचा सकती है। यह हृदय रोग, दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी परेशानियों के जोखिम को बढ़ावा देती है।सिगरेट के धुएं में मौजूद रसायन की वजह से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ सकती हैं। साथ ही यह रक्तचाप बढ़ाकर रक्त के थक्कों के निर्माण में योगदान दे सकते हैं, जो हृदय रोग का कारण बनता है।अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए धूम्रपान कर रहे लोगों से दूर खड़े रहें।

श्वसन संबंधी समस्याएं

पैसिव स्मोकिंग से खांसी, घरघराहट और सांस की तकलीफ सहित कई प्रकार की श्वसन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। धूम्रपान के संपर्क में आए धूम्रपान न करने वालों में अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है।इसके अलावा पैसिव स्मोकिंग से एलर्जी और साइनस की समस्या होती हैं। धुएं में मौजूद प्रदूषक तत्व एलर्जी प्रतिक्रियाओं, साइनस कंजेशन और सूजन को बढ़ा सकते हैं।स्ट्रोक का खतरा

पैसिव स्मोकिंग स्ट्रोक के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है इससे धूम्रपान में मौजूद विषाक्त पदार्थ रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं।ये मस्तिष्क में रक्त के सामान्य प्रवाह को बाधित कर सकते हैं जिससे धूम्रपान न करने वालों में स्ट्रोक होने की आशंका बढ़ जाती है।इस बात का ध्यान रखें कि जब भी आपके करीब कोई व्यक्ति धूम्रपान कर रहा हो तो तुरंत उस जगह से दूर जाकर खड़े हो जाएं।मानसिक स्वास्थ्य को हो सकता है नुकसान

कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि पैसिव स्मोकिंग मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। धूम्रपान न करने वालों को सिगरेट के धुंए के कारण तनाव और चिंता होती है।धूम्रपान में मौजूद पदार्थों के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के कारण अवसाद भी हो सकता है। बच्चों और किशोरों को याददाश्त, ध्यान लगाने और चीजें सीखने की क्षमताओं में कठिनाइयों का अनुभव हो सकता है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा का नया पोस्टर जारी, ट्रेलर रिलीज डेट का भी हुआ एलान

सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा लिखित और निर्देशित इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक योद्धा सिद्धार्थ मल्होत्रा की एक्शन से भरपूर फिल्म है। एक बार फिर फैंस अपने पसंदीदा स्टार को कमांडो की भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं।

फिल्म के टीजर में पहले ही सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक्शन देखने को मिल चुका है। अब लोग इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने भी देरी न करते हुए इसके ट्रेलर रिलीज की डेट का एलान कर दिया है। योद्धा के कलाकारों और निर्माताओं ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी कमांडो वर्दी में शक्ति और तीव्रता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके हाथों में एक बंदूक है और पीठ पर एक



वॉकी–टॉकी बंधा हुआ है। घावों और धूल से सने सिद्धार्थ का पोस्टर में जबरदस्त लुक देखने को मिल रहा है। पोस्टर पर एक टैगलाइन भी है, जिसमें लिखा है सीमाओं से परे एक अपहरण। पोस्टर शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा है, अपनी सीट बेल्ट बांध लें। योद्धा का ट्रेलर 4 दिन में आ जाएगा। इसके मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 29 फरवरी को रिलीज होने वाला है। सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा का इंतजार फैंस लंबे समय से कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर सिद्धार्थ आर्मी ऑफिसर के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ लीड रोल में राशि खन्ना और दिशा पाटनी दिखाई देने वाली हैं। इस मूवी का निर्देशन पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे ने किया है। वहीं, करण जौहर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। यह मूवी आने वाली 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

## आर्टिकल 370 ने दुनिया भर में लहराया परचम, तीन दिनों में 30 करोड़ के पार हुई यामी गौतम की फिल्म

यामी गौतम स्टारर फिल्म आर्टिकल 370 को रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं. फिल्म 23 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी और पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. फिल्म को ना सिर्फ भारत के दर्शक सराह रहे हैं बल्कि दुनियाभर में फिल्म को भरपूर प्यार मिल रहा है. यही वजह है कि आर्टिकल 370 अपने तीन दिनों के कलेक्शन के साथ ही बजट निकालने में कामयाब रही है. आर्टिकल 370



दुनियाभर में शानदार परफॉर्मेंस दे रही है. फिल्म ने महज 3 दिनों में तीस करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. यामी गौतम ने खुद आर्टिकल 370 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन पोस्टर शेयर किया है जिसके मुताबिक फिल्म ने तीन दिनों में कुल 34.71 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है. यामी गौतम ने आर्टिकल 370 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर करते हुए लिखा– जब हम आर्टिकल 370 बना रहे थे, तो कई लोगों ने हमसे कहा कि यह फिल्म दर्शकों के बीच काम नहीं करेगी. यह बहुत टेक्निकल है, बहुत सारे राजनीतिक शब्दजाल हैं वगैरह वगैरह. लेकिन हम बहादुरी के साथ आगे बढ़े क्योंकि हम जानते थे कि विरोध करने वाले हमारे दर्शकों को कम आंक रहे थे. उन्हें बिल्कुल गलत साबित करने के लिए आप सभी का शुक्रिया. आर्टिकल 370 एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा– हमारी छोटी सी फिल्म को इतना प्यार देने के लिए बड़े दिल से बहुत–बहुत धन्यवाद. हम पोलाइट हैं और आप सभी के हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे. शुक्रिया! जय हिन्द. बता दें कि आर्टिकल 370 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा कारोबार किया है. 20 से 25 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने तीन दिनों में 22.89 करोड़ रुपए कमा लिए हैं.

## बाक्स आफिस पर विद्युत जामवाल की क्रैक की कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन ऐसा रहा हाल

विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक जीतेगा तो जिएगा आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।एक्सर के रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म में विद्युत की जोड़ी पहली बार नोरा फतेही के साथ बनी है।बॉक्स ऑफिस पर क्रैक ने उम्मीद के मुताबिक अधिक कमाई की, लेकिन दूसरे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई।अब क्रैक की कमाई के तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ



गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।रिपोर्ट के मुताबिक, क्रैक ने अपनी रिलीज के तीसर दिन (रविवार) 2.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 8.80 करोड़ रुपये हो गया है।क्रैक ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 4.25 करोड़ रुपये के साथ अपनी शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म की कमाई को झटका लगा है और इसने 2.15 करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस पर क्रैक का सामना विद्युत जामवाल की फिल्म आर्टिकल 370 से है।क्रैक में अर्जुन रामपाल और एमी जैक्सन जैसे सितारे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आदित्य दत्त ने संभाली है।फिल्म का निर्माण विद्युत ने अपने होम प्रोडक्शन एक्शन हीरो फिल्म्स के तहत किया है। ओटीटी प्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्रैक सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया अब 112 रुपये में देखें शाहिद कपूर की फिल्म

अमित जोशी और आराधना साह के निर्देशन में बनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में पहली बार शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी बनी है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।रोमांस और कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म की कमाई रिलीज के पांचवें सप्ताह में भी जारी है।अब इस बीच निर्माताओं ने दर्शकों को खास तोहफा दिया है।दरअअस, अब आप तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को महज 112 रुपये में देख सकते हैं। मैडॉक फिल्म्स ने अपने आधि



ाकारिक एक्स हैंडल तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, हमने आपके दिन को और भी खास और ब्लॉकबस्टर बनान का एक सही तरीका ढूंढ लिया है। चयनित सिनेमाघरों में केवल 112 रुपये में रोमांस, कॉमेडी और पारिवारिक ड्रामा देखें। फिल्म की कमाई की बात करें तो तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने 6.7 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसके बाद फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 44.35 करोड़ रुपये रहा. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 21.65 करोड़ की कमाई की. वहीं अब तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है. फिल्म ने जहां तीसरे फ्राइडे 2.5 करोड़ कमाए थे तो वहीं तीसरे शनिवार फिल्म का कलेक्शन 2.4 करोड़ रुपये रहा. अब तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की रिलीज के तीसरे संडे यानी 17वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे संडे को 2.65 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ फिल्म का 17 दिनों का कुल कलेक्शन अब तक 73.55 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।इस फिल्म में डिंपल कपाडिया और धर्मेंद्र जैसे दिग्गज सितारे भी हैं

## मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, दीवाने हुए फैंस

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद स्टाइलिश ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया का तापमान भी हाई कर दिया है.तस्वीरों में मृणाल ने ब्लैक कलर की डीपनेक क्रॉप टॉप और मैचिंग पैंट पहनी हुई है साथ ही उन्होंने एक जैकेट कैरी किया है. उन्होंने अपने लुक को न्यूड मेकअप, स्लीक हेयरस्टाइल और स्टेटमेंट इयररिंग्स से कंप्लीट किया है. मृणाल इन तस्वीरों में बेहद खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी हुई लग रही हैं.मृणाल की इन तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स मिल चुके हैं. फैंस मृणाल की खूबसूरत की तारीफ करते हुए कमेंट्स में गॉर्जियस, स्टनिंग, क्यूट जैसे शब्द लिख रहे हैं. मृणाल ठाकुर को फिल्म सीता रमम के साथ काफी लोकप्रियता हासिल हुई है. साथ ही वे शाहिद कपूर के साथ जर्सी में भी नजर आई थीं.

# दिलजीत दोसांझ की फिल्म अमर सिंह चमकीला का टीजर रिलीज, 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी फिल्म

दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की मच अवेटेड फिल्म अमर सिंह चमकीला का धमाकेदार टीजर रिलीज हो गया है. वहीं टीजर में दिलजीत पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिशियन अमर सिंह चमकीला के किरादर में नजर आ रहे हैं. बता दें कि अमर सिंह चमकीला पंजाबा इंडस्ट्री का एक बहुत बड़ा नाम थे. एक दौर जब इंडस्ट्री पर उनके नाम का डंका बजता था. वे पंजाब के हाईएस्ट पेड आर्टिस्ट थे. वहीं इस फिल्म में पंजाब के इस सुपरस्टार की दर्दनाक कहानी दिखाई जाएगी. बता दें कि ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी. नेटफ्लिक्स की इस फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है, जो 12 अप्रैल को रिलीज हो रही है.

बता दें कि अमर सिंह चमकीला पंजाब के लोगों के दिलों पर राज करते थे. उनका म्यूजिक पंजाब के लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय था. उनके स्टारडम से इंडस्ट्री के बड़े–बड़े कलाकार घबड़ा जाया करते थे. उन्होंने पहले ललकारे नाल, भक्ति गीत बाबा तेरा ननकाना, जैसे कई मशहूर गाने बनाए हैं. इन गानों को फैंस आज भी बड़े चाव से सुना करते हैं.

वहीं सब कुछ सही चल रहा था कि एक दिन ऐसा आया जब सब तहस–नहस हो गया. कुछ लोगों ने गोलियां से अमर सिंह चमकीला की हत्या कर दी. ये किस्सा है साल 1988 का जब अमर सिंग अपनी बीवी अमरजोत के साथ स्टेज परफॉर्मेंस के लिए जा रहे थे. इस दौरान बाईक पर सवार कुछ लोग आए और उनपर ताबड़तोड़ गोलियों की बौधार कर दी.इस हादसे में उनकी पत्नी की भी जान तली गई. वहीं सालों गुजर गए लेकिन आज तक हमलावारों का पता नहीं चल पाया. हांलाकि, पंजाब के कुछ लोगों का कहना है कि इसके पीछे सिख



मिलिटेंट्स ने अंजाम का हाथ था.वहीं दिलजीत के वर्कफ्रंट की बात करे तो वे बहुत जल्द बॉलीवुड की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म क्रू में भी नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में वे करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू के साथ धमाल मचाते हुए

नजर आएंगे. बता दें कि ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरो में रिलीज होगी.

# पोचर ने रिलीज होते ही ओटीटी पर बनाया रिकार्ड, आलिया भट्ट ने पोस्ट शेयर कर जताई खुशी

आलिया भट्ट आज के समय में बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में से एक मानी जाती हैं. आलिया ने कड़ी मेहनत से अपने करियर में एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल की हैं. आलिया एक शानदार एक्ट्रेस तो हैं ही अब उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के जरिए करियर में एक और माइलस्टोन पार लिया है. हाल ही में एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोचर से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया है जो काफी वायरल हो रहा है.



एमी अवॉर्ड विनर रिची मेहता द्वारा निर्देशित सीरीज पोचर को 23 फरवरी को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया था. सीरीज की कहानी हाथी के दांत के लिए हो रही हाथियों की गैर–कानूनी हत्या पर आधारित है. पहले ही दिन पोचर ने ओटीटी पर इतिहास रच दिया, जिसने आलिया को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है. सीरीज को ओटीटी प्लैटफॉर्म पर दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है.

मात्र एक दिन में पोचर ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर टॉप पर जगह बना ली है. 24 घंटे के अंदर सीरीज नंबर 1 पॉजिशिन पर काबिज हो गई, जिसे देख आलिया की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने चाहने वालों के साथ खुशी बांटी और एक पोस्ट शेयर किया. एक्ट्रेस ने पोचर को देखते हुए टीवी के सामने अपनी पेट कैट के साथ फोटो खिंचवाई है. फोटे में आलिया भट्ट ने नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही पोचर को हाइलाइट किया है. पोस्ट शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, रिलीज होने के सिर्फ एक दिन के अंदर पोचर भारत में नंबर 1 की पॉजिशन पर है. जो प्यार इसे मिल रहा है, उसके लिए बहुत खुशी और उत्साहित हूं. जिसने भी अभी तक यह नहीं देखी है, अभी प्राइम वीडियो पर देखिए.

# महारानी 3 में मेरा किरदार शांत लेकिन चुनौतीपूर्ण है –अनुजा साठे

एक्ट्रेस अनुजा साठे स्ट्रीमिंग राजनीतिक ड्रामा शो महारानी के अपकमिंग तीसरे सीजन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया है कि शो में कीर्ति सिंह का उनका किरदार चुनौतीपूर्ण है। एक्ट्रेस ने कहा कि शुरुआत में उनके लिए बिहारी लहजा बोलना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उनके डायलेक्ट कोच ने उन्हें भाषा की बारीकियों और उच्चारण में मदद की।इस पर विस्तार से बताते हुए, अनुजा ने कहा, कीर्ति का किरदार शांत लेकिन संतुलित व्यक्ति के जैसा है, जबकि मैं व्यक्तिगत रूप से एक ऐसी व्यक्ति हूं जो सीधी–सादी है और अपने मन की बात खुलकर कहना पसंद करती है। यह काफी विरोधाभासी किरदार रहा है, मुझे खुशी है कि मैंने इस चुनौती को चुना। सुभाष सर के मार्गदर्शन से, मैं कीर्ति के किरदार को जीवंत बनाने में कामयाब रही। हालांकि, मैं अपने डायलेक्ट कोच को भी श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे बिहारी लहजा सीखने में मदद की, जो शुरू में मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था।एक्ट्रेस ने आगे कहा, कीर्ति की यात्रा के बारे में दिलचस्प बात यह है कि वह अच्छे और बुरे के बीच की रेखा को कैसे पार करती है। न तो वह नायक है और न ही खलनायक, वह दोनों का मिश्रण है, जो उसके किरदार को और भी ज्यादा आकर्षक बनाता है। कीर्ति की कहानी को जीवंत करना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है, और मैं हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।महारानी नरेन कुमार और डिंपल खरबंदा द्वारा निर्मित, सुभाष कपूर द्वारा रचित और सौरभ भावे द्वारा निर्देशित है।सीरीज में हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में हैं, अमित सियाल, विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कानी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य और सोहम शाह भी लीड रोल में हैं।महारानी 3 7 मार्च से सोनी लिव पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी।



# नेहा ककर ने प्रेग्नेंसी और तलाक की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, कहा– मैं मानसिक और शारीरिक रूप से थक गई थी

मशहूर गायिका नेहा कक्कड़ पिछले कुछ समय से टेलीविजन की दुनिया से दूर हैं। वह आखिरी बार साल 2022 में इंडियन आइडल शो को जज करती नजर आई थीं। फिलहाल वह अपने कॉन्सर्ट करती रहीं। इस बीच रोहनप्रीत सिंह से उनके तलाक की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। मशहूर गायिका नेहा कक्कड़ पिछले कुछ समय से टेलीविजन की दुनिया से दूर हैं। वह आखिरी बार साल 2022 में इंडियन आइडल शो को जज करती नजर आई थीं। फिलहाल वह अपने कॉन्सर्ट करती रहीं। इस बीच रोहनप्रीत सिंह से उनके तलाक की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इतना ही नहीं ये भी



खुलासा हुआ कि नेहा प्रेग्नेंट थीं। इन खबरों अफवाहों पर अब आखिरकार गायिका ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। पंजाबी गायक रोहनप्रीत सिंह ने 2021 में नेहा कक्कड़ से प्रेम विवाह किया था। दोनों को अक्सर सोशल मीडिया पर और बाहर पीडीए में निवेश करते हुए देखा जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि इस कपल के बीच सबकुछ ठीक नहीं है, जिससे उनके फैंस भी हैरान हैं। नेहा कक्कड़ ने इसके पीछे की सच्चाई का खुलासा किया है। ई टाइम्स को दिए इंटरव्यू में नेहा ने कहा कि जब से उनकी शादी हुई है तब से सिर्फ दो ही अफवाहें उड़ रही हैं। कक्कड़ ने कहा, ष्एक तो मैं गर्भवती हूं और दूसरा, मैं तलाक ले रही हूं। ऐसी खबरें सुनकर बहुत दुख होता है। लोग गपशप के लिए कुछ भी कहते हैं, लेकिन मैं इन सब पर ध्यान नहीं देने की कोशिश करती हूं क्योंकि मैं जानती हूं कि सच्चाई क्या है। नेहा ने टीवी से ब्रेक लेने के पीछे की वजह भी बताई। गायिका ने कहा यह ब्रेक मेरे लिए जरूरी था। मैं मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत थक गया था। मैं उनमें से हूं जो जब भी कोई शो करती हूं तो अपना 100 प्रतिशत देती हूं। गायिका ने कहा एक समय ऐसा आया जब कुछ भी मेरे नियंत्रण में नहीं था। मैंने कम उम्र में ही इस इंडस्ट्री में काम करना शुरू कर दिया था।

# 6 पेटी देशी शराब के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो देवरिया

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे दिनांक 27.02.2024 को थाना बनकटा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोहनपुर बाजार के पास से दो चोरी की मोटरसाइकिल 1. टीवीएस अपाची वाहन नं– ठत्29ज्ञ8172 सफेद रंग व 2. हीरो सुपर स्पेलण्डर वाहन नं– UP60 ।N9188 काला रंग के साथ 06 पेटी देशी शराब बंटी बबली टेट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद करते हुए 02 अभियुक्त 1. शमसेर उर्फ बुलेट पुत्र रमजान अली निवासी जीरादेई थाना जीरादेई जनपद सिवान, बिहार व 2. मुश्ताक अली उर्फ आफताब आलम पुत्र मो0 भोला मियां निवासी सतवार थाना जीबीनगर तरवारा जनपद सिवान, बिहार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया गया कि हम दोनों आपस में मित्र हैं और उपरोक्त मोटरसाइकिलों को हम लोगों द्वारा कुछ दिन पूर्व बेल्थरा रोड, जनपद बलिया से चुराया गया था और गाड़ी का नम्बर प्लेट बदलकर शराब तस्करी कर रहे थे जिसकी जांच पुलिस टीम द्वारा किये जाने पर पाया गया कि उपरोक्त दोनों वाहनों के सम्बन्ध में थाना उभावं जनपद बलिया में मु0अ0सं0 68ध्2024 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत है पुलिस टीम बरामद शराब व वाहनों को कब्जे में लेते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी से थाना उभावं जनपद बलिया पर अज्ञात अभियुक्तों द्वारा चोरी की मोटरसाईकिल से सम्बन्ध में मु0अ0सं0 68ध्2024 धारा 379 भादंसं का सफल अनावरण



किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण शमसेर उर्फ बुलेट पुत्र रमजान अली निवासी जीरादेई थाना जीरादेई जनपद सिवान, बिहार 2.मुश्ताक अली उर्फ आफताब आलम पुत्र मो0 भोला मिया निवासी सतवार थाना जीबीनगर तरवारा सिवान, बिहार बरामदगी का विवरण 1. एक अदद टीवीएस अपाची वाहन नं– BR29K81722.एक अदद हीरो सुपर स्पेलण्डर वाहन नं– UP60 ।N9188 06 पेटी देशी शराब बंटी बबली टेट्रा पैक गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण 1.व0उ0नि0 जय प्रकाश दुबे थाना बनकटा जनपद देवरिया 2.उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार थाना बनकटा जनपद देवरिया

3.हे0का0 इबरार अहमद थाना बनकटा जनपद देवरिया । 4.का0 सुनील सिंह थाना बनकटा जनपद देवरिया । 5.का0 योगेन्द्र यादव थाना बनकटा जनपद देवरिया ।

# डीएम ने एफडीआर तकनीक से निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

ब्यूरो देवरिया

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एफडीआर टेक्नोलॉजी के अन्तर्गत निर्माणाधीन पैकेज संख्या यूपी 20129 सम्पर्क मार्ग टी 6– भटनी से बैकुण्ठपुर का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम सभा अहिरौली में एफडीआर के कार्य प्रगति में पाया गया कि मार्ग पर रिक्लेमर मशीन चल रहा था। साइट पर कार्य मानक के अनुरूप पाया गया। डीएम ने कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 898.91 लाख रुपये की लागत स 9.



5 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कार्य को 16 अप्रैल 2024 तक पूर्ण होना है। मौके पर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, श्वेता मौर्या, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी०आई०यू०, देवरिया, मनीष कुमार, शिवा सिंह, अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी०आई०यू०, देवरिया व अन्य मौजूद रहे।

## टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

देवरिया

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे टैक्स बार एसोसिएशन देवरिया की बैठक पंकज लाल उपायुक्त राज्यकर देवरिया के साथ हुई जिसमें बगैर सूचना अथवा कारण बताओ नोटिस दिये ही वैट अधिनियम के अधीन के बकाया राजस्व की वसूली जी एस टी की



उपलब्ध आई टी सी अथवा कैश लेजर से किये जाने का विरोध किया गया, विचारोपरांत यह तय हुआ कि भविष्य में करदाता को सूचित करते हुए उचित समय प्रदान करने के बाद ही डी आर सी 07 ए की कार्यवाही होगी। अधिवक्ताओं की मांग रही कि पूर्व के एकपक्षीय मामलों को धारा 32 में खोला जाय, पर सद्भावना पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया। उक्त का अनुपालन न होने पर हम संघर्ष के लिए बाध्य होगें। बैठक में अशोक कुमार अग्रवाल अध्यक्ष, कासिम मेहंदी उपाध्यक्ष, राकेश कुमार पाठक महासचिव, संतोष कुमार मिश्र, गौरव गोयल, के एन सिंह, शशांक शर्मा, ए एन सिंह, अमरीश अग्रवाल, रोशन जैसवाल, कुलदीप गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने सड़कों पर कराये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

प्रयागराज। महाकुम्भ–2025 के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने नगर निगम द्वारा 03 सड़कों पर कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अल्लापुर पुलिस चौकी से ओल्ड गेट रोड वाया बक्शी बांधी पम्पिंग स्टेशन बाघम्बरी गद्दी, बालसन चौराहा पेट्रोल पम्प से दर्शन चौराहा (अलोपी देवी मन्दिर के सामने) तथा घोस स्वीट हाऊस से शुक्ला मार्केट, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, सलोरी का निरीक्षण करते हुए वहां पर कराये जा रहे सड़क चौड़ीकरण, सुदृढीकरण, पटरी, नाली ध नाला निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आई०एस० मानक के अनुरूप चेकिंग करने तथा अभियन्ताओं को निरन्तर साइड विजिट करने के निर्देश दिये गये। साथ ही विजिट रजिस्टर में रिकार्ड की इण्ट्री पूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को फटकार लगाते हुए उसे शीघ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में कई स्थानों पर जी०एस०बी० में सैग्रीगेशन पाये जाने पर उसे तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जा रहे झूंसी ककरा लीलापुर रोड का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर भी सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# भारत के लोगों ने कभी भी गुलामी स्वीकार नहीं की– महापौर

## राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "युवा संवाद–इंडिया /2047" कार्यक्रम आयोजित

प्रयागराज। राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "युवा संवाद–इंडिया /2047" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रयागराज के महापौर की गणेश केशरवानी ने कहा कि हम भारत के लोगों ने कभी भी गुलामी स्वीकार नहीं की। अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहे। राजनैतिक और सांस्कृतिक हितों की लड़ाई लड़ते रहे।बुनियादी मान्यताओं की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहे। स्वशासन, स्वभाषा, स्वसंस्कृति हमारी प्रेरणा का स्रोत रहा। आज भी समाज की सामूहिक शक्ति की सहायता से हम राष्ट्र निर्माण के लिये संकल्पबद्ध हैं। 2047 का भारत कैसा हो? आत्मनिर्भर, सशक्त, मजबूत और दुनिया का नेतृत्व करने वाला हो, यह हमारी चिंता है और यह चिंता भारत के नौजवानों के बिना पूरी नहीं हो सकती।विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, प्रो.अतुल कुमार शरण ने कहा कि संवाद का जीवन में बहुत महत्व है। हमें लिसनिंग और हियरिंग में अंतर को समझकर लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए। कर्तव्यशीलता या कर्तव्यहीनता व्यक्तिगत चरित्र से भी जुड़ती है इसका संबंध अनुसासन से भी है। विकसित भारत कर्तव्य बोध के बिना नहीं बन सकता।विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. संजय सक्सेना ने कहा कि सभी देशों के नवयुवक अपने देश को श्रेष्ठ समझते हैं लेकिन हमें अपने उत्तरदायित्व को भी समझना चाहिए। विशिष्ट अतिथि,



संयोजक संस्कृत विभाग, प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र जी ने कहा कि नवयुवक को अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचान कर अपने कर्म में रत होना चाहिए।कार्यक्रम संयोजक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि अधिकार बोध से पहले कर्तव्य बोध का महत्व है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र मिश्र जी ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पिंकी सैनी ने किया किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. अनूप, डॉ. अर्चना, डॉ. रुचि ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रों के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आजाद पर केंद्रित देश की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ निर्माण

प्रयागराज। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत की स्मृतियों को डिजिटल स्वरूप दिया गया है। प्रयागराज स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहीदी स्थल चंद्रशेखर आजाद पार्क में आजाद की देश की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण भी सरकार की तरफ से किया गया। 25 सितंबर 2023 को लोकार्पण किया गया। इलाहाबाद म्यूजियम के अंदर संस्कृति विभाग की तरफ से ध10 करोड़ की लागत से आजाद गैलरी का निर्माण किया गया। आजादी के अमर सपूत वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद को समर्पित देश की यह पहली ऐसी गैलरी है। जिसमें आडियो, वीडियो, लाइट और साउंड के माध्यम से आजाद के जीवन व उनसे जुड़ी स्मृतियों व उनसे जुड़ी सामग्री को दिखाया गया। इसमें आजाद की वह रिवाल्वर प्रमुख आकर्षण होगी, जिससे उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया था।रहे।

## शहीदों के बलिदान की गाथा को जन–जन तक पहुंचा रही है सरकार

प्रयागराज। प्रदेश की योगी सरकार जहां एक तरफ प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों और प्राचीन ऐतिहासिक स्मारकों को संरक्षित रखने का प्रयास कर रही तो वहीं देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की बलिदान की गाथा को भी जन जन तक पहुंचाने में लगी है। अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर प्रयागराज में उनकी शहादत स्थली में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद के शहीदी दिवस के अवसर पर प्रयागराज में आजाद के शहादत स्थल आजाद के जीवन से जुड़ी दुर्लभ चित्रों और अभिलेखों की प्रदर्शनी लगाई गई। क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी मोहम्मद मोहसिन नूरी के मुताबिक क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग प्रयागराज द्वारा इसे लेकर अभिलेख प्रदर्शनी तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नई पीढ़ी को आजाद के बलिदान से अवगत कराने के लिए इसका आयोजन किया गया। शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ यूपी सरकार के पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर और इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस तरुण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में उर्दू शायरों द्वारा शहीदों के नाम काव्यपाठ किया गया। प्रदेश की बागडोर संभालते ही योगी सरकार ने उपेक्षित पड़े शहीद स्थलों और स्मारकों के जीर्णोधार कार्य शुरू किया। युवाओं और पर्यटकों को इनसे जोड़ने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित होने शुरू हुए। प्रयागराज में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत ही चंद्रशेखर आजाद पार्क में प्रयागराज के धार्मिक और पौराणिक महत्व को नई पीढी से जोड़ने के लिए ध 7.78 करोड रुपए की लागत से लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत हुई। इसमें आजाद के स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष के प्रसंग भी सम्मिलित किए गए।

# शहीद पंडित चंद्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस पर बही कविताओं की सरिता

प्रयागराज। अमर शहीद पंडित चंद्र शेखर आजाद का बलिदान दिवस जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में महाकवि बाण फाउंडेशन ट्रस्ट एवं ओम ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय कवि वेद व्रत वाजपेयी, धनंजय द्विवेदी, मधुसूदन दीक्षित, मनु व्रत वाजपेयी, उज्जैन से आये कवि दिनेश दिग्गज ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं चंद्र शेखर आजाद के चित्र पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि वेद व्रत वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर कवि मनु व्रत



वाजपेयी ने कथा पढ़ी कि चना चाबेना खा कर भी जंगल जंगल आबाद रहे, आजादी के दीवाने तो आजाद सदा आजाद रहे। उज्जैन से पधारे कवि दिनेश दिग्गज ने पढ़ा कि नगद से मिलेंगे न उधार से मिलेंगे, गूगल का जीपीएस, रास्ते बताएगा, चलने के तरीके संस्कार से मिलेंगे।कवि वेद व्रत वाजपेयी ने भी अपनी कविताएं सुना कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।इस अवसर पर रतलाम के धामचक मुलथानी, अलोक तिवारी, वंदना विशेष ने भी काव्यपाठ किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजक धनंजय द्विवेदी एवं कार्यक्रम के संयोजक मनु व्रत वाजपेयी ने आये हुए सभी अतिथियों को चंद्र शेखर आजाद का चित्र, अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर राम पाल शर्मा, डॉ संजीव अवस्थी, डॉ सुनीत कुमार मिश्र, राजा मलेहरा, सागर चतुर्वेदी, अनजनी श्रीवास्तव, साधना वाजपेयी, मिथलेश मिश्र, नीरज जैन, दया शंकर पाण्डेय, राकेश दीक्षित, कुंवर अवनीश सिंह, अजेंद्र सिंह, मनोज मिश्रा, राजेश द्विवेदी, सीमा मिश्रा समेत अनेक साहित्यकार, समाज सेवी, पत्रकार,

राजनेता भारी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में आये हुए सभी अतिथियों का धनंजय द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 101 देश भक्तों को चंद्र शेखर आजाद का चित्र, अंग वस्त्र, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जगत तारन महिला महाविद्यालय में पुरा छात्रा सम्मेलन का आयोजन

प्रयागराज। जगत तारन महिला महाविद्यालय में आज पुरा छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या प्रो अशिमा घोष ने स्वागत वक्तव्य से किया। पुरा छात्रा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ विजयलक्ष्मी ने संचालन किया। सम्मेलन में कार्यकारिणी परिषद का गठन किया गया। सम्मेलन में पुरा छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में डॉ नंदिनी मुखर्जी, डॉ सुषमा श्रीवास्तव, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ रीना यादव आदि उपस्थित रहे।

## क्रास वोटिंग के खिलाफ सपा लोहिया वाहिनी का प्रदर्शन

प्रयागराज। राज्य सभा के लिए आज लखनऊ में हुए चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग को लेकर सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष गंगापार नवीन यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पत्थर गिरिजा घर स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। सपा लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं के हाथ में क्रास वोटिंग के खिलाफ नारे लिखे बैनर "सत्ता के लालची और पी डी ए विरोधी विधायकों को जनता माफ नहीं करेगी" जिसे वह लहराते हुए नारे भी लगा रहे थे। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नवीन यादव ने भाजपा सरकार पर धन, बल और दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में की जा रही इस तरह की कार गुजारी लोकतान्त्रिक व्यवस्था की स्वस्थ परंपरा पर करारा चोट है। जिस तरह से सत्ताधारी दल विपक्ष के साथ तोड़ फोड़ और दबाव की राजनीति कर रही है उसे देश एवं प्रदेश की जनता देख रही है। लालच और दबाव में आकर क्रास वोटिंग कर पाला बदलने वाले विधायकों को भी जनता के सामने जवाब देना होगा। आगामी चुनाव में इसका बदला लेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से नवीन यादव,अंशू यादव, अवध राज, रोहित मौर्य, विजय यादव, धीरज पासी, शिवा सिंह, बाबर साहू, रवि यादव, शिवा सिंघानिया, हर्ष मिश्रा, आयुष रावत, अमन कुमार, सौरभ यादव आदि शामिल रहे।

## प्रो. अर्चना चहल ने इविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्यभार सम्भाला

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रोफेसर अर्चना चहल विभागाध्यक्षा का कार्यभार सम्भाला। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्षा का कार्यभार प्रोफेसर अर्चना चहल ने संभालते हुए बताया की विभाग में क्लासेस एवं सत्र को नियामित कराना प्राथमिकता होगी। इस विभाग में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार भी जल्दी ही अयोजित करेगे। जैसा कि कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव का लक्ष्य विश्वविद्यालय को नंबर वन रैंकिंग लाने का है। शारीरिक शिक्षा विभाग भी अपना शाना बशाना सहयोग कुलपति को करने के लिए अग्रसर रहेगा।प्रोफेसर अर्चना चहल यूजीसी की उच्च स्तरीय एवं एनसीईआरटी द्वारा बनाई कमेटी मे अपना योगदान सदस्य के रूप मे दे चुकी है साथ ही साथ राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी स्वतंत्रत पर्यवेक्षक भी रह चुकी है। वर्तमान में प्रोफेसर चहल राष्ट्रीय शिक्षा शिक्षक परिषद की नई शिक्षा नीति पाठ्यक्रम समिति की सदस्य भी हैं।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया महिला पत्रकारों एवं साहित्यकारों का सम्मान

प्रयागराज। मंगलवार को भाजपा कार्यालय सिविल लाइंस में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में महिला साहित्यकार एवं पत्रकार सम्पर्क और कवि सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी ने महिला पत्रकारों एवं साहित्यकारों को उनके उत्कृष्ट कार्यो को सम्मान देते हुए उन्हें अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाली प्रमुख महिला पत्रकारों में चन्द्रा अहलूवालिया, कल्पना शर्मा, शुबी चंद्रा, मनोज सिंह, रुमा मित्रा, डॉक्टर कंचन सिंह तोमर, जयश्री मिश्रा वध ममता रजनीश को तथा साहित्य व कवित्रियों में आभा मधुर, डॉक्टर स्नेह सुधा, रचना सक्सेना, विजय लक्ष्मी, प्रोफेसर कल्पना वर्मा, पूर्व ज्वाइन डायरेक्टर मध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रेमा राय, जया मोहन, रश्मि शुक्ला, राजलक्ष्मी त्रिपाठी व राजलक्ष्मी व रीता रावत शामिल हैं।

कार्यक्रम संयोजिका वंदना शर्मा एवं रीता सिंह ने सभी महिलाओं, विशिष्ट जनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गीता विश्वकर्मा, आभा सिंह, अनीता पांडे, प्रिया कैथवास, स्नेहा गुप्ता सहित प्रदेश, क्षेत्र, महानगर एवं सभी मंडलों की असंख्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।

## चंद्रशेखर आजाद ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी– राजेंद्र मिश्रा

प्रयागराज। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 93 वीं बलिदान दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद पार्क में उनकी प्रतिमा समक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने आजाद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ भारती के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद ने अपने शौर्य और साहस से भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी। माँ भारती के स्वाधीनता महायज्ञ में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर आजाद ने युवाओं के सामने राष्ट्र के लिए त्याग और समर्पण का उच्च मानदंड स्थापित किया। उनका जीवन राष्ट्र प्रथम को अपना ध्येय बनाकर जीनेवालों को युगों–युगों तक प्रेरित करता रहेगा। कहा कि हमें अब आजाद के सपनों को पूर्ण साकार करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाना होगा।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर आजाद पार्क पर लगे चंद्रशेखर आजाद की जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।श्रद्धांजलि देने वालों में राजेश केसरवानी, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, लोकेश मुखर्जी, अंगद सिंह पटेल, राजकुमार केसरवानी नवाब खान आदि रहे।

## रिजवी कप क्रिकेट आज से

प्रयागराज। रिजवी कप के लिए आयोजित 14वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता 28 फरवरी से करारी (कौशाम्बी) के रिजवी कॉलेज मैदान पर प्रारंभ हो रही है। आयोजन सचिव शैलेंद्र सिंह के अनुसार प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ दो लाख व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व डेढ़ रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। नॉक आउट आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल दस टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतिभागी टीमों में हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब (इलाहाबाद) , क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ, अलीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मेरठ, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन, फरीदाबाद क्रिकेट एसोसिएशन और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।